हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026

ज्वेलरी दुकान से 30 किलो चांदी की चोरी! बचने के लिए सीसीटीवी के कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

देर रात पहुंचे आरोपियों ने शटर मोड़कर दुकान में किया प्रवेश, बीच शहर चोरी से मचा हड़कंप

नगर के हृदय स्थल बाजार लाइन में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शांतिलाल जैन की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुकान से लगभग करीब 30 किलो के आसपास पुरानी चांदी चोरी होने का अनुमान है। चोरी गए सामान की वास्तविक मात्रा और कीमत का आंकलन भौतिक सत्यापन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

जानकारी के अनुसार वारदात रात करीब 3.15 से 3.30 बजे के बीच हुई। चोरों ने दुकान के शटर को मोड़कर अंदर प्रवेश किया और चांदी के सामान पर हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि चोरों ने वारदात से पहले दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के कई कनेक्शन काट दिए, ताकि उनकी गतिविधियां कैमरे में कैद न हो सके। घटना के बाद सामने आई जानकारी के अनुसार चोर करीब तीन बोरियों में सामान लेकर जाते हुए समीप की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए हैं। संदिग्धों ने रैनकोट पहन रखा था। जिससे उन्होंने पहचान छिपाने का प्रयास किया है।

घटना ने पुलिस की रात्रि गश्त और बाजार क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने तथा चोरी की इस बड़ी वारदात का जल्द से जल्द खुलासा करने की मांग की है। हालांकि बताया गया कि पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज की जांच शुरू कर दी है, और टीम बनाकर मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

डॉग स्क्वाड ने शुरू की तलाश

चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा नगर में पूर्व में चोरी की घटनाओं में संदिग्ध रहे लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। वहीं डॉग स्क्वाड को भी मौके पर बुलाया गया। जिसने घटनास्थल से सुराग जुटाने का प्रयास किया। दुकान से कितनी चांदी और अन्य सामान चोरी हुआ है, इसका वास्तविक आंकलन जांच और भौतिक सत्यापन के बाद ही सामने आएगा। हालांकि प्रारंभिक अनुमान लगभग करीब 30 किलो चांदी चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है।



बाजार में चोरी से उठे कई सवाल

शांतिलाल जैन की दुकान नगर के मुख्य चौराहे और प्रमुख बाजार लाइन में स्थित है। नगर के व्यस्ततम और सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र में इस तरह की बड़ी चोरी की वारदात से व्यापारियों में चिंता का माहौल है।व्यापारियों और आमजनों का कहना है कि यदि नगर के मुख्य और सुरक्षित माने जाने वाले बाजार क्षेत्र में चोर आसानी से वारदात को अंजाम दे सकते हैं तो अन्य क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

खबर संक्षेप

शराब ले जाते बंदी

राजनांदगांव। बाइक में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 45 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 13 अगस्त को थाना बसंतपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी शराब का परिवहन कर बिक्री करने हेतु ले जा रहा है। सूचना पर थाना बसंतपुर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते आरोपी आदित्य मरकाम निवासी बंगालीचाल राजनांदगांव को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 45 पौवा देशी शराब तथा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर साइकिल बिना नंबर बरामद कर जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना बसंतपुर में धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को 14 अगस्त को न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

साल्हेवारा क्षेत्र के ग्राम कोपरो की घटना, मातम में गांव

तालाब में डूबने से दो मासूमों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा-छुईखदान

केसीजी जिले के साल्हेवारा क्षेत्र में दो बच्चों की डूबने से मौत का मामला सामने आया है। घटना क्षेत्र के ग्राम कोपरो की है, जहां गुरुवार दोपहर करीबन 12 बजे बच्चे खेलते हुए तालाब में डूब गए। दोनों ही बच्चों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोपरो से ही लगे हुए तालाब के पास चार बच्चे खेल रहे थे। इस दौरान ही सभी बच्चे तालाब में उतर गए। दो बच्चे समय रहते बाहर आ गए, लेकिन दो तालाब में डूबते चले गए। इस घटना के बाद बाहर निकल चुके दोनों बच्चे भी सहम गए थे। यही कारण रहा कि उन्होंने गांव में जाकर इसकी जानकारी देने के बजाए करीबन दो से तीन घंटे तक मौके पर ही बैठे रहे। बताया गया कि काफी देर तक घर नहीं आने पर जब परिजन बच्चों को खोजने निकले, तब उनके तालाब में डूबने की जानकारी सामने आई।



लगातार हो रही ऐसी घटनाएं, सतर्कता जरूरी

उल्लेखनीय है कि अंचल में इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। बल्कि इससे पहले भी देखने को मिला है कि बच्चें खेलते हुए तालाब या किसी गड्ढे में गिरकर अपनी जान गंवा रहे है। ऐसे में पालकों के लिए जरुरी है कि वे अपने बच्चों पर नजर रखें एवं उन्हें तालाब या किसी ऐसे स्थानों के समीप खेलने से रोके जहां इस तरह की घटनाएं हो सकती है।

जांच में जुटी पुलिस

परिजनों को घटना की सूचना मिलने के बाद उनका रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हादसे के कारणों और घटनाक्रम की जानकारी जुटा रही है

साल्हेवारा अस्पताल में पीएम

बताया गया कि दोनों ही बच्चों का शव मिलने के बाद उन्हें तत्काल आनन-फानन में साल्हेवारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद बच्चों का पोस्टमार्टम किया गया। मृतकों की पहचान युग पिता खेलावन श्रीवास 5 वर्षीय और सूर्या पिता दिनेश पटेल 6 वर्षीय के रूप में हुई है। दोनों ही बच्चों का गुरुवार की देर शाम एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

मजदूरी करते हैं माता-पिता

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बच्चों के माता-पिता गांव में ही मजदूरी का काम करते हैं। गुरुवार को भी माता-पिता मजदूरी के लिए गए हुए थे, इस दौरान ही बच्चे खेलते हुए तालाब के पास पहुंचे थे। दोपहर करीबन दो बजे तक बच्चे घर नहीं आए, तब परिजन उनको खोजते हुए तालाब के पास पहुंचे थे, जहां एक बच्चे का शव उपर सतह पर आ गया था। जिसके बाद लगभग दो दर्जन ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर दूसरे बच्चे का शव खोजा।

हर घर तिरंगा अभियान..निकली रैली वंदे मातरम से गूंजी शहर की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर-घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा बाइक रैली और तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत की आजादी का जश्न मनाने 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी। हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित तिरंगा रैली में भारत की आन, बान और शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज लेकर सभी चल रहे थे। इस दौरान शहर के सड़कें भारत माता की जय और वंदे मातरम से गूंजती रही।



जनप्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा, शहीदों को किया नमन

आयोजन को लेकर सांसद संतोष पांडे और महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी बधाई और शुभकामनाएं देते आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन किया। पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से देश का वातावरण तिरंगामय हुआ है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमारे वीर शहीदों की गौरव गाथा, समर्पण, स्वाभिमान, देशभक्ति का पर्व है। उन्होंने सभी से आह्वान करते कहा कि हमें अपने घर में तिरंगा लगाकर वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लेना चाहिए।





खबर संक्षेप

ढारा में 5 जुआरी गिरफ्तार

डोंगरगढ़। मोहारा पुलिस ने ढारा तालाब के पास जुआ खेल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 27 हजार 275 रुपए नगद, मोबाइल फोन, ताश की पत्तियां और 5 मोटरसाइकिलें जब्त की गई है। जुआ खेलने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सलोनी के रामदेव वर्मा, ढारा के उमेश जंघेल, प्रभुलाल चावड़ा, लिकेश वर्मा तथा जगन्नाथपुर के खेमलाल वर्मा को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3 एवं अन्य लागू प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है।



कबीर आश्रम आमगांवघाट में पौधारोपण

साल्हेवारा। लोकपर्व हरेली के अवसर पर कबीर आश्रम आमगांव घाट में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में एसकेडीव्ही मिशन के प्रतिनिधि सहित कबीर पंथी समाज के लोग शामिल हुए। उपस्थित जनों ने कहा कि घटते वन क्षेत्र और बढ़ता तापमान गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं जिसे देखते हुए पौधे लगाना जरूरी हो गया है। इस मौके पर रामजी ठाकरे, संतु धरमगढ़े, सुरेश झारिया, राजूदास साहेब, अशंतिबाई, लीलाबाई पटेल, बालकुमारी, गंगाराम पटेल, उधो पटेल, प्रभुराम, जग्गूराम ठाकरे सहित अन्य उपस्थित थे।



रूद्राभिषेक व रामकथा 16 से

साल्हेवारा। श्रावण मास के अवसर पर ग्राम में 16 से 24 अगस्त तक भगवान शिव की भक्ति, रुद्र मंत्रों के उच्चारण और श्रीराम के आदर्श गूंजायमान होंगे। ग्राम के मंगल भवन में ग्रामवासियों के सहयोग से नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा, श्रीराम कथा एवं महारुद्राभिषेक महोत्सव का आयोजन रखा गया है। आयोजन अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 7 से 11 बजे तक महारुद्राभिषेक, दोपहर 12 से 2:30 बजे तक श्री शिव महापुराण कथा तथा अपरान्ह 3 से 5 बजे तक श्रीरामकथा का आयोजन होगा। श्री शिव महापुराण कथा का वाचन पं. दुर्गाप्रसाद तिवारी, श्रीरामकथा का रसपान पं. श्री सूरज उपाध्याय कराएंगे।

कपिनाथ बने ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता

छुईखदान। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईखदान ने सरपंच कपिनाथ महोबिया को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अनुमति से की है। श्री महोबिया की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। वह अब सरपंच के साथ पार्टी गतिविधियों एवं संगठन की नीतियों को जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्हे जिला इकां अध्यक्ष कोमल साहू, गिरिराज किशोर दास, गजेंद्र ठाकरे, रामकुमार पटेल, देवराज किशोर दास, संजीव दुबे, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, आकाशदीप सिंह सहित अन्य ने बधाई दी है।



इंदौर के लिए नियमित ट्रेन की मांग

डोंगरगढ़। छत्तीसगढ़ से इंदौर जाने के लिए पर्याप्त रेल सुविधा नहीं होने से विद्यार्थियों, व्यापारियों आदि को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में रायपुर से इंदौर के लिए सीमित रेल सुविधा उपलब्ध है। सप्ताह में केवल एक ट्रेन होने के कारण यात्रियों को यात्रा के लिए काफी पहले प्लान करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि इंदौर प्रमुख शैक्षणिक एवं व्यापारिक केंद्र है। कोटा के बाद बड़ी संख्या में विद्यार्थी परीक्षाओं एवं कोचिंग के लिए इंदौर का रुख करते हैं। व्यापार और रोजगार के सिलसिले में भी लोगों का आना जाना लगा रहता है। डोंगरगढ़ विकास मंच ने छत्तीसगढ़ से इंदौर के लिए नियमित ट्रेन चलाने की मांग उठाई है। मंच के सचिव केके वर्मा ने पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, सांसद संतोष पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह तथा रेल मंत्री को पत्र भेजकर इस दिशा में पहल करने की मांग की है। मंच ने कहा है कि यात्रियों को लाभ पहुंचाने के लिए अलग-अलग रेल मार्गों और ट्रेनों के विस्तार पर विचार किया जा सकता है। कोरबा से रायपुर, नागपुर और भोपाल होते हुए इंदौर तक ट्रेन चलाने पर विचार किया जाए तो यात्रियों को काफी लाभ मिल सकता है। इसी तरह रायगढ़ से इंदौर के लिए नियमित ट्रेन शुरू करने का विकल्प भी सामने रखा गया है। मंच ने अमरकंटक एक्सप्रेस को इंदौर तक विस्तारित करने का सुझाव दिया है। इसके अलावा रायपुर होकर चलने वाली पुरी-हमसफर एक्सप्रेस की सेवा को सप्ताह में तीन दिन करने की मांग रखी गई है।



मलेरिया नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान

छुईखदान। बैगा समुदाय को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा में बीमारी की रोकथाम के लिए पीएम जनमन यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग अभियान का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में बैगा समुदाय तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में गत 9 अगस्त को ग्राम पंचायत सरईपतेरा के छूईहा में निवासरत 39 बैगा परिवारों को मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी प्रदान किया गया। मच्छरदानी वितरण के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को मलेरिया के लक्षण, संक्रमण के माध्यम, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच एवं उपचार के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, घर एवं आसपास पानी जमा न होने दें तथा मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करें। ग्रामीणों को समझाया गया कि बुखार, ठंड लगना, कंपकंपी, सिरदर्द, शरीर में दर्द अथवा कमजोरी जैसे लक्षण होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय स्वास्थ्य केंद्र जाकर मलेरिया की जांच कराएं। कार्यक्रम में डॉ. प्रकाश वर्मा, अमीलाल, प्रवीण गायकवाड़, कविता सोनवानी, सरपंच बनसलाल साहू, उप सरपंच धन्नू धुर्वे, खोमन धुर्वे, अनुज मेरावी, बलराम धुर्वे सहित अन्य मौजूद थे।



रॉयल किड्स में ध्वजारोहण आज

राजनांदगांव। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर रॉयल किड्स कॉन्वेंट परिसर में कल 15 अगस्त को सुबह नौ बजे ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक चौधरी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। ध्वजारोहण के उपरांत संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मार्च पास्ट प्रस्तुत किए जाएंगे।

भवन भी नहीं, आज ताला जड़ेंगे ग्रामीण

पांच कक्षा के लिए एक शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा

आदिवासी अंचल के ग्राम तोलतभर्री की प्राथमिक शाला के करीब 70 छात्र-छात्राएं ऐसे हालात में पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जहां न स्कूल का अपना सुरक्षित भवन है और न ही पर्याप्त शिक्षक। पांच कक्षाओं की जिम्मेदारी फिलहाल एक शिक्षक के भरोसे है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव की प्राथमिक शाला का पुराना भवन जर्जर होने के बाद उसका डिस्मेंटल किया जा चुका है, लेकिन नए भवन की स्वीकृति अब तक नहीं मिल सकी है। भवन के नहीं होने से स्कूल का संचालन यादव सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुराने भवन का डिस्मेंटल करने के बाद नए भवन की स्वीकृति और निर्माण में तेजी आना था, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।



तालाबंदी की चेतावनी

शिक्षा व्यवस्था से नाराज ग्रामीणों ने अब आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्कूल भवन की स्वीकृति और पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई तो 15 अगस्त को प्राथमिक शाला में तालाबंदी की जाएगी।ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य बच्चों की पढ़ाई बाधित करना नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन का ध्यान उनकी शिक्षा और सुरक्षा की ओर आकर्षित करना है।

पढ़ाई में गुणवत्ता के लिए चुनौती

स्कूल में शिक्षकों की कमी है। वर्तमान में केवल एक शिक्षक शिवराम वर्मा पदस्थ हैं, जो पहली से पांचवीं तक के करीब 70 बच्चों की पढ़ाई कराते हैं। पांच अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों को एक ही शिक्षक द्वारा पढ़ाना शिक्षा की गुणवत्ता के लिए बड़ी चुनौती है। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल में वर्ग-3 के पांच अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता है। इस आशय का प्रस्ताव भेजा जा चुका है, लेकिन अभी तक नियुक्ति का आदेश जारी नहीं हुआ है।

गड्ढों में तब्दील सड़क



विस में उठ चुका मामला

सड़क की दयनीय स्थिति को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गंभीरता दिखाई थी। उन्होंने ग्रामीणों की इस बड़ी समस्या को विधानसभा में उठा कर जल्द सड़क निर्माण की मांग की थी। विधायक के हस्तक्षेप और विधानसभा में मामला उठने के बाद उम्मीद की जा रही थी कि शायद प्रशासन सुध ले, लेकिन प्रशासनिक मशीनरी अब तक नींद में ही है। सड़क सुधार के लिए अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

कलकसा। मोहारा से सुकुलदैहान को जोड़ने वाली सड़क इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। तीन विकासखंड की लाइफलाइन मानी जाने वाली यह सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढों के कारण इस मार्ग पर चलना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। हालात इस कदर गंभीर हैं कि यहां आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। उक्त सड़क से मोहारा, पलांदूर, सहसपुर, सलटिकरी, रुआतला और कसारी समेत दर्जनों गांवों के ग्रामीण आवागमन करते हैं। वर्तमान में यह सड़क उखड़ चुकी है। सड़क पर केवल गिट्टियां तथा गड्ढे नजर आते हैं। स्कूली बच्चों, मरीजों और लोगों को इस खस्ताहाल रास्ते से गुजरना पड़ रहा है।

कांग्रेस नेता ने की पुलिस से अभद्रता

वाहन जांच को किया बाधित, अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विजय राज चौहान के खिलाफ बोरतलाव पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने, ड्यूटी पर तैनात जवान के साथ गाली-गलौज करने तथा चक्काजाम की धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 3 अगस्त को बोरतलाव मार्ग पर ग्राम बरनारा कलां के समीप पाटेकोहरा जांच चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक कमलेश साहू वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान विजय राज चौहान कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और चेकिंग रोकने की मांग करते हुए अभद्रता करने लगे। इस दौरान उन्होंने चक्काजाम करने की धमकी भी दी। प्रधान आरक्षक जब शासकीय वाहन के भीतर जूता पहन रहे थे, उसी दौरान कुछ युवकों ने उनके साथ मारपीट करने का प्रयास किया। प्रधान आरक्षक के अनुसार विवाद के चलते वाहन जांच की कार्रवाई करीब दो से तीन घंटे तक प्रभावित रही। घटनाक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई। पुलिस ने उपलब्ध साक्ष्यों और शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रधान आरक्षक कमलेश साहू की शिकायत पर बोरतलाव पुलिस ने विजय राज चौहान के खिलाफ धारा 132, 221, 351(2), 352 एवं 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया है।



ग्रामीणों से मिले कांग्रेस नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम कोलिहापुरी में किसानों एवं ग्रामीणजनों से मुलाकात कर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने समस्याओं एवं मांगों को सुना। ग्रामीणों ने नारायणगढ़ जलाशय से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गोविंदपुर से कोलिहापुरी तक केनाल निर्माण, कोलिहापुरी से मेढ़ा एवं कोलिहापुरी से टप्पा तक सड़क निर्माण तथा बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग रखी।

ग्रामीणों ने 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना पुनः शुरू करने, सामान्य मीटर लगाने नियमित बिजली आपूर्ति करने की मांग भी रखी। इसी क्रम में कांग्रेस नेता श्री लोधी ने ग्राम डुडेरा में किसान चौपाल का आयोजन कर जन समस्याओं को सुना। समस्याओं का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में सरकार के प्रति नाराजगी खुलकर सामने आई। ग्रामीणों ने डुडेरा से धनडोगरी तक सड़क निर्माण की मांग रखी। श्री लोधी ने कहा कि सरकार को जन समस्याओं को संज्ञान में लेकर समाधान करने का प्रयास करना चाहिए।



शहर में निकली तिरंगा यात्रा गूंजा भारत माता का जयघोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली गई। नगर पालिका द्वारा आयोजित इस यात्रा का नेतृत्व पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने किया।

रैली में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधि आदि शामिल हुए। पालिका परिसर से प्रारंभ हुई तिरंगा रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी।

पूरे मार्ग में तिरंगों की कतार और देशभक्ति के जयघोष ने शहर में स्वतंत्रता उत्सव की झलक प्रस्तुत की। पालिका अध्यक्ष श्री डोंगरे ने इस मौके पर कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ने वाला अभियान है। उन्होंने शहरवासियों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।



चौक-चौराहों में तिरंगा अभियान

इसी क्रम में भाजपायुमो ने शहर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया। अभियान के तहत मोर्चा कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख चौक चौराहों एवं विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को देशभक्ति की भावना से जोड़ने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं ने लोगों को अपने घर में तिरंगा लगाने प्रेरित किया।



सांकरदाहरा में शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सोमवार को बोल बम कांवर यात्रा ग्रुप घुपसाल ने माँ दंतेश्वरी मंदिर से पूजा कर यात्रा निकाला। करीब 100 महिला पुरुषों का दल बोल बम का उदघोष करते हुए सांकरदहरा पहुंचा। यात्रा के दौरान जगह जगह शिव भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी।

शिव भक्तों ने सांकरादाहरा में सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना करने के बाद पवित्र जल को महादेव को अर्पित कर शिवनाथ नदी में प्रवाहित किया। इस दौरान बलराम श्रीवास, डुमेश साहू, रामकुमार विश्वकर्मा, पूरन टांडेकर, रामचरण कल्याण, देवकुमार, नेहा ठाकुर, अनीता, मोहनी, संगीता, सुरेश, विमला, सांता, शशि, वेदवती, वासनी, खेमीन, अमोलाबाई आदि मौजूद थे।



उल्लास के साथ मनी हरेली



गंडई-पंडरिया। छत्तीसगढ़ के प्रथम लोक पर्व हरेली के अवसर पर गंडई और आसपास क्षेत्रों में पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं ने उल्लास को दोगुना कर दिया।

नगर के डिवहार चौक पर नारियल फेंक स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं हटरी चौक पर खंभे पर टंगे नारियल पर सटीक निशाना लगाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। ढाबा में हरेली खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। सुर सरोवर मानस परिवार के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। इस मौके पर पारंपरिक खेल जैसे भौंरा, बांटी, फुगड़ी, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ और गेंड़ी दौड़ का आयोजन किया गया। अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी एवं ब्रह्मकुमारी बहनों ने शिरकत कर क्षेत्र को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया।इस दौरान बोधराज देवांगन, हेमंत वर्मा, लेखन वर्मा, मुकेश वर्मा, टिकेंद्र धुर्वे, नीलम वर्मा, जयपाल यादव सहित अन्य उपस्थित थे। मंच संचालन गिरवर साहू, दयाल यादव, पूनम यादव, हिरेंद्र वर्मा, लिमेश, खिलेश्वर, मोहन धनकर, नुक्कू, अजय और केशो ने किया।

गेड़ी दौड़ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

सामाजिक संस्था प्रेरणा ने हरेली पर्व के अवसर पर प्रेरणा गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगरवासी शामिल हुए।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रेरणा संस्था के आयोजनों की सफलता के बारे में अब तक सुना था, लेकिन आयोजन को प्रत्यक्ष देखने के बाद महसूस हुआ कि यह कार्यक्रम उनकी कल्पना से कहीं बेहतर है। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर ने कहा कि संस्था के आयोजन तीज-त्योहार, सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय अवसरों को सतरंगी बना देते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने आयोजन में उमड़ी भीड़ को संस्था के प्रति जनता के विश्वास का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि किसी आयोजन में हजारों लोगों का शामिल होना इस बात का संकेत है कि संस्था ने अपने सत्कर्मों से जनता का विश्वास अर्जित किया है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया ने कहा कि किसी संस्था का तीन दशकों तक सफलतापूर्वक संचालन होना अपने आप में अटूट विश्वास का प्रमाण है।





खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा


प्रेरणा गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में हाटबंजा, कोहलाटोला, गठबंधन, धारिया, इलाका, सिलपट्टी, बिडौरी, भूलाटोला, खैरबना, खैरीकुटेली सहित अन्य गांवों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा के सीनियर वर्ग में प्रथम होरीलाल साहू, कोहलाटोला, द्वितीय रामचंद्र रजक धारिया, तृतीय घनश्याम रजक धारिया रहे। जिन्हे क्रमशः साइकिल, टीवी एवं इंडक्शन चूल्हा दिया गया। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में प्रथम कामन कंवर हाटबंजा, द्वितीय ढालचंद गड़बंजा, तृतीय अश्वनी साहू खैरीकुटेली रहे जिन्हे क्रमशः 1000, 500 और 300 रुपए और मेडल प्रदान किया गया। इस दौरान सुमेरकरण सांखला, सुभाष सांखला, इसराईल सोलंकी, पवन चंद्राकर, बसंत यादव, मनोज कोचर, अनिल जैन, कुंभलाल जंघेल, नैनू चंदेल, नीलम वैष्णव, प्रदीप, श्रीकांत, शांतिलाल सांखला, राजकुमार जैन सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन अशोक चंद्राकर एवं शरद श्रीवास्तव ने किया।




15
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
जिले के समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
शिक्षा से ही उन्नति
विनीत
शिक्षा विभाग
राजनांदगांव


15 अगस्त
जय हिंन्द!
स्वतंत्रता दिवस
जिले के समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
विनीत
खाद्य विभाग
राजनांदगांव


स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
दुर्ग - बागनदी टोलवे लिमिटेड


15
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
जिले के समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
INDIA
विनीत
लोक निर्माण विभाग
राजनांदगांव

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
R.E.S. डोंगरगढ़

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सिंचाई विभाग
डोंगरगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
डोंगरगढ़

जिले के समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
लोक निर्माण विभाग, डोंगरगढ़

आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
देवेन्द्र साहू
अध्यक्ष, नगर पंचायत
लाल बहादूर नगर, डोंगरगढ़

Lodhi Travels
Lodhi Petroleum
अमर शहीद वीरांगना महारानी
रानी अवंतीबाई लोधी जी
की जयंती पर उन्हें सादर नमन।
15 AUGUST
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
लोधी कॉर्पोरेट | निरंतर 1989 से आपके सेवा में
कुशलता, सेवा और विश्वास का प्रतीक
आपकी यात्रा हमारी जिम्मेदारी
विष्णु लोधी
संपर्क नंबर -
07823-299522, 9425559850, 9406025945,
8319506160, 9131195082, 7999605617
लोधी पेट्रोलियम फ्यूल स्टेशन, बोरतलाव रोड, जेल के सामने,
चौथना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती अनिता मंडावी
मंत्री, अनुसूचित जनजाति मोर्चा
भारतीय जनता पार्टी, जिला राजनांदगांव
सदस्य, जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 10, जिला राजनांदगांव
सभापति, सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति, राजनांदगांव

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वन्देमातरम
आकाश राजपूत
अध्यक्ष, भाजपा युवा मंडल शहर

खबर संक्षेप



स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में 14 अगस्त को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम दिग्विजय कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू एवं एनएसएस प्रभारी करुणा रावटे के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि आज हम सभी स्वच्छता के महत्व को समझने और उसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने एकत्रित हुए हैं। स्वच्छता केवल हमारे आसपास के स्थान को साफ रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ जीवन, सकारात्मक सोच और जिम्मेदार नागरिकता का आधार है। सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से नंदई चौक तक स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसके अंतर्गत स्वच्छता संबंधी विभिन्न नारे व स्लोगन द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने श्रमदान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर व उसके आसपास में सफाई की।

भोजवानी की पुण्यतिथि पर कल श्रद्धांजलि सभा

राजनांदगांव। मध्यप्रदेश शासन में मंत्री रहे स्व. लीलाराम भोजवानी



की तृतीय पुण्यतिथि पर 16 अगस्त को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समाज के मीडिया प्रभारी अशोक पंजवानी ने बताया कि स्थानीय झूलेलाल नगर में सिंघी समाज के पुरोधा स्व. श्री भोजवानी की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में सिंघी समाज द्वारा झूलेलाल नगर स्थित धर्मशाला भवन में श्रद्वाजंलि कार्यक्रम में उन्हें श्रद्वासुमन अर्पित किया जाएगा और संस्कारधानी और समाज के लिए योगदान को याद किया जाएगा। श्री पंजवानी ने कार्यक्रम में समाज के लोगों सहित गणमान्य नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।

स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने लिया भाग

तिरंगे की शान में दौड़ा खैरागढ़ देशभक्ति के रंग में रंगा जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में शुक्रवार को देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फतेह सिंह खेल मैदान से स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर दौड़ते जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, युवाओं, बच्चों और नागरिकों ने पूरे शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने हाथों में तिरंगा लहराकर किया। तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, खेल संघों, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड, एनएसएस, रेडक्रॉस, पुलिस बल, वन विभाग तथा मीडिया प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फतेह सिंह खेल मैदान से शुरू हुई तिरंगा यात्रा अंबेडकर चौक होते हुए पुनः फतेह सिंह खेल मैदान पहुंचकर संपन्न हुई।



तिरंगा शहीदों के त्याग और बलिदान की पहचान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों के त्याग, संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने नागरिकों, विशेषकर युवाओं और बच्चों से आग्रह किया कि हर घर तिरंगा अभियान को केवल एक आयोजन न मानें, बल्कि इसे राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य और सम्मान के रूप में अपनाएं।

तिरंगे के सम्मान की भावना सदैव बनी रहे : कलेक्टर

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि तिरंगा यात्रा की भावना केवल आज के आयोजन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह भावना हमारे दिलों में हमेशा बनी रहनी चाहिए। तिरंगे का सम्मान देश की गरिमा और हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी से जुड़ा है। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्रहित में अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने और अपने कार्यों के माध्यम से देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया।

सीईओ ने जताया आभार

जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा यात्रा में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों, युवाओं और नागरिकों के साथ ही आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी विभागों एवं संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अरुणा बनाफर, दिनेश वर्मा, घम्मन साहू, विकेश गुप्ता, गोरेलाल वर्मा, सुमित टाडिया, नीलिमा गोस्वामी, आत्मनिर्भर भारत से रूपेश देवांगन, अनुराग शांति तूरे, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सुमन राज, एसडीएम टांकेश्वर प्रसाद साहू, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूजा पिंच, सुश्री रेणुका राते, देवेश साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

बागेश्वर धाम में 24 घंटे अखंड रूद्राभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बागेश्वर धाम मंदिर में एक माह का सावन महोत्सव मनाया जा रहा है। बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रास्ट द्वारा प्रति सोमवार महाकांवड़ यात्रा के साथ श्री शैलम मल्लिकार्जुन मंदिर की 3-डी झांकी बनाकर शिव ज्योतिलिंग भी एक माह के लिए स्थापित की गई है। इसी कड़ी में एक नया अध्याय सावन माह में भगवान शिव का 24 घंटे का अखंड रूद्राभिषेक के माध्यम से जुड़ने जा रहा है। उक्त जानकारी देते बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, नरसिन्हा रेड्डी, सौरभ गुप्ता, सूरज गुप्ता, विजय गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल व भावेश अग्रवाल ने बताया कि तीसरे सोमवार को सुबह 11 बजे से रुद्राभिषेक आरंभ होगा, जिसे श्री शैलेम (हैदराबाद) के पंडितों द्वारा संस्कृत भाषा में दक्षिण भारत पद्धति से रुद्राभिषेक पूजन करवाया जाएगा, जो 24 घंटे दूसरे दिन 18 अगस्त को सुबह 11 बजे तक होगा। पूजन में महापौर मधुसुदन यादव सहित 24 जोड़े शिवभक्तों द्वारा किया जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण संदेश

साथ ही तीसरे सावन सोमवार को श्री बागेश्वर धाम कांवड यात्रा जो प्रकृति, जल,पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ निकाली जाएगी। सुबह 5.30 बजे बागेश्वर मंदिर पहुंचकर शिवभक्तगण इस भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल हो सकते है। श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के संरक्षक सोहनलाल गुप्ता, कैलाशचंद गुप्ता, डीसी जैन, गणेश गुप्ता सहित अजय गुप्ता, विकास गुप्ता, राज गुप्ता, बागेश्वर धाम मंदिर के सेवको द्वारा इस अखंड मल्लिकार्जुन रूद्राभिषेक व झांकी दर्शन हेतु नगरवासियों शिवभक्तों को पूजन में शामिल होकर शिवकृपा प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

आरकेसी और गायत्री स्कूल सेफा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वाईडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव में आयोजित वाईडनर कप फुटबॉल स्पर्धा के 5वें दिन 2 क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। पहला क्वार्टर फाइनल मैच रॉयल किड्स स्कूल विरुद्ध नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल के मध्य खेला गया। इस मैच में एकतरफा खेल का प्रदर्शन करते रॉयल किड्स स्कूल की टीम नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल के ऊपर शुरूआत से प्रहार करते पहले हॉफ में ही 4 गोल मारकर अपनी स्थिति को मजबूती में लाकर खड़ा कर दिया। उसके बाद दूसरे हॉफ में अच्छे खेल का प्रदर्शन कर 2 गोल और दाग दी। अंत में रॉयल किड्स स्कूल की टीम में 0 गोल के मुकाबले 6 गोल से यह मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची। इस मैच में दुष्यंत ने 2, केतुब ने 2 और सिद्धार्थ और तुषांत ने क्रमशः 1-1 गोल किया।

दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच गायत्री स्कूल विरुद्ध नीरज पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। यह मैच बहुत ही रोमांचक रहा। पहले हॉफ के खेल में कुछ देर तक तो नीरज पब्लिक स्कूल की टीम गायत्री स्कूल को रोककर रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन करते खेल रही थी। उसके बाद 16वें मिनट गायत्री स्कूल के भावेश द्वारा राईट इन से शानदार शूट मारकर गोल दागा। जिससे गायत्री स्कूल 1 गोल से बढ़त बना ली। उसके बाद 25वें मिनट में हुमेन्द्र द्वारा शानदार हैडिंग से गोल किया गया। पहले हॉफ का खेल समाप्त होने के बाद गायत्री स्कूल की टीम ने 2 गोल से बढ़त बना ली। दूसरे हॉफ में गायत्री स्कूल की टीम ने एक के बाद एक गोल पर प्रहार कर रही थी। 49वें मिनट में अंशु द्वारा तीसरा गोल दागा गया। अंत में गायत्री स्कूल ने 3-0 से यह मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस मैच के निर्णायक सूर्यांश, पार्थ और रेहान थे।



16 को दो सेफा मैच

आगामी 16 अगस्त को 2 सेमी फाइनल मैच खेले जाएंगे। पहला सेमी फाइनल मैच वाईडनर स्कूल विरुद्ध युगांतर पब्लिक स्कूल के मध्य दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा। दूसरा सेमी फाइनल मैच गायत्री स्कूल विरुद्ध रॉयल किड्स स्कूल के मध्य दोपहर 3 बजे खेला जाएगा। यह जानकारी डेनियल फ्रांसिस खेल शिक्षक ने दी।

भाजपा नेताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- रेडक्लिफ रेखा के दंश को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में गंभीरता और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित विशेष बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने देश के बंटवारे के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लाखों लोगों को श्रद्धांजलि दी तथा विस्थापन का दंश झेलने वाले परिवारों की पीड़ा को याद किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सांसद संतोष पांडे ने भारत के विभाजन के समय हुई त्रासदिक घटनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बंटवारे के दौरान देश ने जो पीड़ा सही, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। लाखों निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और करोड़ों लोग रातों-रात अपने ही घर में बेघर हो गए। यह दिवस हमें उस ऐतिहासिक भूल और यातनाओं की याद दिलाता है। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत उद्बोधन देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू ने विभाजन विभीषिका के विभिन्न पहलुओं और इसके ऐतिहासिक प्रभाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल व सफल संचालन नवनीत जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने किया।



भावी पीढ़ी को जागरूक करने वाला

जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई भाजपा प्रभारी नलिनीश ठोकने ने अपने संबोधन में कहा कि 14 अगस्त का दिन हमारे पूर्वजों द्वारा सही गई असीम तकलीफों का स्मरण करने का दिन है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यवश हमारे देश को लंबे समय तक गुलामी सहनी पड़ी और आजादी की कीमत विभाजन के रूप में चुकानी पड़ी। बंटवारे के समय लाखों बेगुनाहों की नृशंस हत्या हुई।

एक रेखा ने देश के टुकड़े किए

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने 14 अगस्त 1947 के काले दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति (सिरिल रेडक्लिफ) ने कभी भारत की जमीन पर कदम तक नहीं रखा था, उसने एक कमरे में बैठकर भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा रेखा खींच दी। इस एक रेखा के कारण लगभग 6 लाख से अधिक लोगों की निर्मम हत्या हुई और देश दो टुकड़ों में बंट गया। यह दिन विस्थापन का भयानक दर्द झेलने वाले लोगों की याद दिलाता है। उन्होंने इस त्रासदी में जान गंवाने वाले सभी नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

साथ बैठकर खाना और त्यौहार मनाना ही सामाजिक एकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सिविल लाइन तुलसीपुर रोड़ स्थित महापौर कार्यालय में गत दिनों सर्व यादव समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजनांदगांव जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे यादव समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति एवं युवा ब्रिगेड उपस्थित रहे। बैठक में जिले के कोसरिया यादव समाज, झेरिया यादव समाज एवं ठेठवार यादव समाज का प्रतिनिधित्व रहा। आयोजन में एल्डरमैन मंजू यादव, भोला यादव, उपेन्द्र यादव, गरीबा यादव, सुदेश यादव, विनोद (बंटी) यादव एवं अन्य उपस्थित रहे। कोसरिया यादव समाज की ओर से भोला यादव, झेरिया यादव समाज की तरफ से गरीबा यादव एवं ठेठवार यादव सामाज राजनांदगांव की ओर से उपेन्द्र यादव ने समाज को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते महापौर मधुसूदन यादव ने समाजिक एकजुटता, परस्पर सहयोग एवं सबको साथ लेकर आगे बढ़ने की भावना पर बल दिया। उन्होंने कहा कि साथ बैठकर खाना और साथ में त्यौहार मनाना, यही सामाजिक एकता की सच्ची पहचान है। महापौर ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिवस के पावन पर्व को एक साथ मिल-जुलकर हर्षोल्लास के साथ मनाने का आव्हान किया। बैठक में सभी ने महापौर के प्रस्ताव का स्वागत किया एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व तैयारी संबंधी कार्ययोजना के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। अंत में सामाजिक प्रबुद्धजनों, नारी शक्ति एवं युवा साथियों के प्रति भोला यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



झूलेलाल नगर में ध्वजारोहण आज

राजपूत क्षत्रिय महासभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के झूलेलाल नगर में आजादी की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर सिंधी समाज द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत के प्रवक्ता एवं समाज के मीडिया प्रभारी अशोक पंजवानीने बताया कि 15 अगस्त शनिवार को सुबह 7.30 बजे से 8.30 बजे के बीच ध्वजारोहण कार्यक्रम झूलेलाल नगर स्थित झूलेलाल भवन में आयोजित किया गया है। झूलेलाल युवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री पंजवानी ने संपूर्ण सिंधी समाज से उपस्थिति की अपील की है।

कल 15 अगस्त शनिवार को सुबह 9 बजे महाराणा मंगल भवन दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगाव में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह क्षत्रिय उपसमिति राजनांदगाव द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। सचिव रघुनंदन सिंह ठाकुर ने सभी पदाधिकारी, सामाजिक सदस्य, महिला मंडल, वरिष्ठ सदस्य युवा मंडल से उपस्थित होने की अपील की है। जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

अग्रवाल महिला मंडल ने की भव्य आयोजन की तैयारी

तीज व सिंधारा उत्सव में सजेगा राजस्थानी रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन की फुहारों के बीच हरियाली तीज की उमंग और राजस्थानी परंपराओं की रंगत को जीवंत करने के उद्देश्य से अग्रवाल महिला मंडल राजनांदगांव द्वारा दो दिवसीय "हरियाली तीज महोत्सव एवं सिंधारा उत्सव-2026" का आयोजन किया जा रहा है। अग्रसेन भवन में आयोजित होने वाले इस उत्सव में महिलाओं के लिए मेहंदी, राजस्थानी थीम, पारंपरिक परिधान, नृत्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का विशेष आयोजन होगा।

महिला मंडल के अनुसार 14 अगस्त को सुबह 10 बजे से सिंधारा उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को दोनों हाथों में आकर्षक मेहंदी लगाई गई। जिसमें अग्र महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में सखियों, बिंदनियों एवं युवतियों को विशेष रूप से राजस्थानी परिधान में शामिल हुई।

इसी कड़ी में कल 15 अगस्त को दोपहर 2.30 बजे से तीज उत्सव आयोजित होगा। इस अवसर पर पूरा कार्यक्रम राजस्थानी थीम पर आधारित रहेगा। जिसमें हरे और नारंगी रंग के परिधानों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। महिलाओं एवं युवतियों के लिए राजस्थानी लोक संस्कृति पर आधारित नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेगी।

आयोजकों ने बताया कि सावन के इस विशेष पर्व को पारंपरिक उत्साह एवं आपसी स्नेह के साथ मनाने के लिए महिलाओं को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से राजस्थानी संस्कृति, वेशभूषा और लोक परंपराओं को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दिया जाएगा। हरियाली तीज के अवसर पर सखियों के साथ झूला, श्रृंगार, मेहंदी और सांस्कृतिक उल्लास का वातावरण देखने को मिलेगा।



कार्यक्रम को सफल बनाने आह्वान

अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संतोष अग्रवाल ने सखियों एवं महिला सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है। सचिव सुषमा अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष सारिका अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम को आकर्षक एवं यादगार बनाने तैयारियां की जा रही है। मंडल ने महिलाओं से आग्रह किया है कि वे निर्धारित राजस्थानी थीम के अनुरूप परिधान पहनकर कार्यक्रम में शामिल हो तथा 15 अगस्त के तीज उत्सव में राजस्थानी थीम पर होने वाले नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभागिता करें। आयोजक अग्रवाल महिला मंडल ने सखियों से इस पारंपरिक एवं सांस्कृतिक उत्सव में सहभागिता कर सावन की खुशियों को साझा करने की अपील की।

युगांतर में नेक्सस प्रोग्राम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी विभाग द्वारा "नेक्सस" प्रोग्राम आयोजित हुआ। इसके तहत विविध इंटर स्कूल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिसमें केस कनक्लेव, नाट्य प्रस्तुति (कामिकल ड्रामैटिक ड्रॉप) शामिल रही।

केस कनक्लेव में प्रथम अजीज पब्लिक स्कूल, द्वितीय गायत्री विद्यापीठ, तृतीय नीरज पब्लिक स्कूल तथा नाट्य प्रस्तुति (कामिकल ड्रामैटिक ड्रॉप) में प्रथम नीरज पब्लिक स्कूल, द्वितीय नीरज विद्या मंदिर, तृतीय अजीज पब्लिक स्कूल रहे।

युगांतर के विद्यार्थियों ने दोनों प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, पर वे आयोजनकर्ता विद्यालय होने के कारण इन प्रतियोगिताओं से बाहर रहे। इनके प्रदर्शन को निर्णायकों ने काफी सराहा।



सशक्त मंच प्रदान किया

इन प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों को उनकी कुशल अभिव्यक्ति के साथ उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य किया। यही नहीं प्रतियोगिताओं ने उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्रदान किया। जिससे उन्होंने अपनी रचनात्मकता और भाषाई कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने अपनी वाक- पटुता, अभिनय कौशल और अपनी भाषा पर सशक्त पकड़ से दर्शकों को काफी प्रभावित किया। प्रतियोगिताओं के उपरांत विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह तथा विभागाध्यक्ष कंचन सोहल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मधुसूदन नायर ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते उन्हें अपने अभिव्यक्ति एवं प्रस्तुति कौशल को और श्रेष्ठता से निखारने पर जोर दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रभारी सुषमा प्रताप, दीपांक्षा शर्मा एवं अर्पण सैमुअल मसीह ने अमूल्य योगदान दिया।

खबर संक्षेप

सिंघोला मंदिर में 17 को विशेष पूजा-अर्चना

राजनांदगांव। श्रावण मास के पावन अवसर पर 17 अगस्त को नागपंचमी एवं श्रावण सोमवार के विशेष संयोग पर महाकाल मंदिर सिंघोला में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। आयोजन के तहत सुबह 2.30 बजे भस्म आरती एवं 4.30 बजे श्रृंगार आरती होगी। जिसमें श्रद्धालु बाबा महाकाल के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर सकेंगे। वहीं नागपंचमी पर्व पर बाबा नागचंद्रेश्वर की विशेष पूजा-अर्चना भी विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव के साथ की जाएगी। श्रावण सोमवार और नागपंचमी का यह विशेष संयोग धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल एवं बाबा नागचंद्रेश्वर के दर्शन-पूजन का विशेष लाभ प्राप्त होगा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुचारु दर्शन व्यवस्था के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। महाकाल मंदिर समिति के पवन डागा एवं महाकाल सेना ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पावन अवसर का लाभ लेने की अपील की है।

क्रिकेट टीम में विजेन्द्र यादव का चयन

राजनांदगांव। 26वां राज्य स्तरीय शाला क्रिकेट प्रतियोगिता गोरेल्ला पेंड्रा मारवाही में आगामी 18 से 21 अगस्त तक आयोजित है।



उक्त प्रतियोगिता के लिए राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी विजेन्द्र यादव का चयन हुआ है। विजेन्द्र गायत्री विद्यापीठ का आठवीं का छात्र है और संदीप शुक्ले के मार्गदर्शन में साहू सदन सरकारी अस्पताल के पास सुबह 7.30 से 10.30 बजे तक एवं दोपहर 3 से शाम 6.30 बजे तक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। विजेन्द्र का चयन होने पर पिता नंदलाल यादव व एकेडमी परिवार की ओर से अनन्य देवांगन, महेश साहू, अजय मंडल, विनोद भावे, शोभा चोपड़ा, मनोज साहू, जोई थामस समेत अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी संदीप शुक्ले ने दी।

17 को गूंजेगी शिव वाणी

राजनांदगांव। न्यू खंडेलवाल कॉलोनी राम-लक्ष्मण वाटिका में विराजित शिव-पार्वती परिवार के प्रांगण में 17 अगस्त को भजनों की शानदार प्रस्तुति की तैयारी जोरों पर है। नर्मदेश्वर शिव मंदिर समिति के अनुसार नवनिर्मित एवं प्राण प्रतिष्ठित मंदिर न्यू खंडेलवाल कॉलोनी में शिव भक्तों द्वारा भजनों का शानदार कार्यक्रम 17 अगस्त को रखा गया है। भजनों की प्रस्तुति संध्या 7 बजे से प्रभु इच्छा तक निरंतर जारी रहेगी। शिव वाणी का गायन योगेश अग्रवाल और उनके सहयोगी गायकों द्वारा किया जाएगा। मंदिर परिसर में भक्तगणों के लिए बैठक व्यवस्था की गई है।



उत्साहपूर्वक मनाया गया हरेली पर्व

राजनांदगांव। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के बेस्ट प्रैक्टिस और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में हरेली पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिसकी शुरूआत पारंपरिक पूजा-अर्चना एवं कृषि उपकरणों की विधिवत पूजा से हुई। छात्र-छात्राओं ने लोक गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीण जीवन की झलक प्रस्तुत की गई। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता जैसे हरियर द्वार, जुडा, कुर्सी दौड़, फुगडी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि हरेली पर्व छत्तीसगढ़ की कृषि प्रधान संस्कृति का प्रतीक है, जो हमें प्रकृति और परंपरा से जोड़ता है। निदेशक डॉ. मनीष जैन ने इसे कृषि और पर्यावरण के महत्व की याद दिलाने वाला पर्व बताया। संजय अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। आशीष अग्रवाल ने इसे परंपरा और आधुनिक शिक्षा के बीच सेतु बताते विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति पर गर्व करने का संदेश दिया।



विधायक भोलाराम ने किया भूमिपूजन

राजनांदगांव। ग्राम सीताकसा (गैंदाटोला) में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापना के लिए चबूतरा निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक भोलाराम साहू ने पूजा-अर्चना कर चबूतरा निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी हमारी माटी, संस्कृति, परंपरा और गौरव की पहचान है। ग्राम में उनकी प्रतिमा की स्थापना से आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति और विरासत से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, सरपंच प्रमिला समेत दीनेश, गजेन्द्र भुआर्य, राजू सिन्हा, पूरन नेताम, तुकाराम, प्रकाश शर्मा, निरंजन, राजील कुरैशी, चंदेश साहू, भारत लाल, धर्मेन्द्र साहू, राजेश्वरी नेताम, मदनलाल डोगरे, अनीश सोनी, पिलाराम, पुतीमा कोटांगले, चुड़ामनी साहू, खिलावन, नरेन्द्र मानिकपुरी, उत्तमलाल सोनी, गजेन्द्र आय, तालेखर, पन्नालाल एवं दुर्गाप्रसाद सहित अन्य लोग शामिल थे।



सभी वर्गों तक पहुंचे सूर्यघर योजना

राजनांदगांव। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 6 से 8 अगस्त तक आयोजित सूर्यसभा के माध्यम से पद्मश्री फूलबासन यादव ने आधा दर्जन से अधिक गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को घरों की छत पर सोलर सिस्टम लगाने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा अपनाना बढ़ते बिजली खर्च से राहत पाने और परिवार को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का अच्छा माध्यम है। खेती-किसानी के व्यस्त समय के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण सूर्य सभा में पहुंचकर अभियान से जुड़ रहे हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। पद्मश्री फूलबासन यादव ने ग्रामीणों को बताया कि छत्तीसगढ़ में केंद्र एवं राज्य सरकार की सहायता को मिलाकर 1 किलोवाट पर 45,000, 2 किलोवाट पर 90,000 तथा 3 किलोवाट पर 1,08,000 तक की सहायता उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ सरकार के आधिकारिक प्रकाशन में भी इन संयुक्त सहायता राशियों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक आवासीय परिवारों को रूफटॉप सोलर से जोड़ना है और यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 के लक्ष्य के साथ संचालित हो रही है।



द्वितीय काउंसलिंग 16 से

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए द्वितीय काउंसलिंग 16 से 20 अगस्त तक सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्रयास आवासीय विद्यालयों में आयोजित किया गया है। द्वितीय काउंसलिंग हेतु विद्यार्थियों की सूची, तिथि एवं काउसलिंग सूची में दर्शित आबंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों की जानकारी वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य समारोह में विस अध्यक्ष फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज, परेड के साथ कई आयोजन

आजादी का जश्नः शहर में निकली तिरंगा यात्रा, आज जिलेभर में होगा ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल 15 अगस्त को शहर सहित जिलेभर में ध्वजारोहण के साथ कई देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। मुख्य समारोह जहां पीटीएस मैदान में होगा।

मुख्य समारोह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष 15 अगस्त 2026 को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। डॉ. रमन सिंह ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी लेंगे एवं परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा संदेश वाचन एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में परेड का मार्च पास्ट, परेड कमांडरों का परिचय एवं फोटोग्राफी, शहीद परिवारों से भेंट, पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

नगर निगम

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में महापौर मधुसूदन यादव द्वारा सुबह 7.30 बजे नगर निगम केन्द्रीय कार्यालय टाऊन हाल में ध्वजारोहण किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने नगर निगम अध्यक्ष सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, सभी पार्षदों, नामांकित पार्षदों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओं व अधिकारी-कर्मचारियों से समारोह में उपस्थिति की अपील की है।

अग्रवाल सभा

स्वतंत्रता दिवस पर अग्रवाल सभा राजनांदगांव द्वारा 15 अगस्त को ध्वजारोहण एवं राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के सदस्यों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमोद अग्रवाल पाथरी वाले होंगे। स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 9.30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा।तत्पश्चात राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा कार्यक्रम पश्चात उपस्थितजनों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम के आयोजन में अग्रवाल सभा अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती संतोष अग्रवाल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष चैतन्य अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों व अग्र बंधुओं की सहभागिता रहेगी। सभा की ओर से सभी समाजजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते "जय हिन्द, वंदे मातरम्" के साथ राष्ट्र के प्रति एकजुटता एवं समर्पण का संदेश दिया गया।

निषाद समाज

जिला निषाद समाज राजनांदगांव स्वतंत्रता दिवस समारोह पर 15 अगस्त को सुबह 8 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष ईश्वर निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष छगन लाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की जिला संगठन सभी पदाधिकारी उपस्थिति रहेंगे।

कल्पवृक्ष काम्प्लेक्स

स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को स्थानीय कल्पवृक्ष काम्प्लेक्स में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित होंगे।

समारोह में मुख्य अतिथि सरला बेन ठक्कर, कमलादेवी भट्टड़ एवं सुनीता भंडारी उपस्थित रहेंगी। वहीं पार्षद अजीत कुशवाहा विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य एवं उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। जिसमें अलका गोलछा, सूरज चौरडिया, भारती ललवानी, खुशबू ढेलाडिया, पायल माहेश्वरी, हितांश अग्रवाल को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों एवं गणमान्यजनों से उपस्थिति की अपील की गई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक पारख एवं सचिव अनिल पारख ने सभी से सहभागिता की अपील की है।

प्रेस क्लब

प्रेस क्लब भवन और प्रेस क्लब कॉलोनी में स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस का ध्वजारोहण सुबह 8.30 बजे प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि करेंगे। तत्पश्चात प्रेस क्लब कॉलोनी में सुबह 9.30 बजे प्रेस क्लब हाउसिंग बोर्ड राजनांदगांव के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर समस्त पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

स्वतंत्रता दौड़ में छलका देशभक्ति का उत्साह



स्वतंत्रता दिवस पर जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आजादी के उत्सव को उल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाने स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान गौरवपथ राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं सहित हर आयु वर्ग के नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। देशभक्ति के नारों एवं उत्साह से पूरा आयोजन स्थल गूंज उठा। स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान से प्रारंभ होकर गौरवपथ रोड, वीआईपी रोड, आम्बेडकर चौक एवं दिग्विजय स्टेडियम के सामने से होते हुए वापस वीआईपी रोड के रास्ते अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने भी प्रदेश एवं जिलेवासियों को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत 9 अगस्त से लगातार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

शहर में निकली तिरंगा रैली

छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और सर्वमंगल की कामना के साथ सावन के द्वितीय सोमवार को पंडरिया विधायक भावना बोहरा और उनके साथ लगभग 600 कांवड़ यात्रियों ने मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव तक 151 किलोमीटर की कांवड़ पदयात्रा प्रारंभ की। यात्रा के पांचवे दिन ग्राम मोहतरा में भक्ति-भजन के साथ सभी कांवड़ियों ने पूरे उत्साह और उर्जा के साथ मोहतरा से जलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम डोंगरिया की यात्रा के लिए प्रस्थान किया और जलेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और प्रदेशवासियों के मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों के साथ फोन पर बात कर सभी को इस पुण्य यात्रा के लिए अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष की शुभकामनाओं से कांवड़ियों में एक नई उर्जा और उत्साह स्पस्ट रूप से देखने को मिला। इस दौरान यह मोहतराखुर्द से प्रारंभ होकर तेन्दुवाडीह, पंडरिया, रौहा, परसवारा, दशरंगपुर, चारभांठा होते हुए विजय पेट्रोल पंप के पास नहर रोड से डोंगरिया मार्ग की ओर आगे बढ़ेगी। जिन-जिन मार्गों से यह यात्रा गुजरी वहां-वहां क्षेत्रवासियों से अपार उत्साह और भक्ति भावना देखने को मिली। क्षेत्रवासियों, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक एवं हिन्दू संगठनों ने विधायक भावना बोहरा और कांवड़ियों का पुष्पवर्षा, बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। कांवड़ यात्रा के आगमन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा और चरों ओर अध्यात्मिक वतावरण ने सबके हृदय में शिवभक्ति का प्रवाह किया। यात्रा के पांचवें दिन की शुरुआत केवल पदयात्रा से नहीं, बल्कि भक्ति और लोक आस्था के सुंदर संगम के साथ हुई। ग्राम मोहतरा में यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व स्थानीय रामधुनी मंडली द्वारा भगवान भोलेनाथ के भजनों की प्रस्तुति की गई। भजनों और रामधुनी की



भक्तिमय धुनों के बीच कांवड़िये भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। इसके बाद 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष के साथ कांवड़ियों ने जलेश्वर महादेव के जलाभिषेक के संकल्प को लेकर अपनी यात्रा आगे बढ़ाई। इस दौरान पंडरिया नगर में आगमन पर विधायक भावना बोहरा और कांवड़ियों के स्वागत के लिए शिवभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरा नगर बोल बम और हर हार महादेव के नारे के साथ भगवामाय दिखा। हर किसी के हृदय में शिवजी के प्रति आस्था और इस यात्रा के स्वागत के लिए स्नेह अपार दिखा

आस्था, संकल्प और जन-जन के स्नेह से जुड़ने की यात्राः भावना

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि "यह यात्रा केवल 151 किलोमीटर की पदयात्रा नहीं, बल्कि आस्था, संकल्प और जन-जन के स्नेह से जुड़ने का एक आध्यात्मिक अनुभव है। हर पड़ाव पर मिल रहा लोगों का अपनत्व और आशीर्वाद हम सभी के लिए ऊर्जा का स्रोत है। बाबा भोलेनाथ से यही प्रार्थना है कि छत्तीसगढ़ पर सदैव अपनी कृपा बनाए रखें और प्रदेश के प्रत्येक परिवार में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली आए। कांवड़ यात्रा के प्रत्येक पड़ाव पर स्थानीय लोगों का आत्मीय स्वागत, सहयोग और सहभागिता इस यात्रा को विशेष बना रहा है। ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र जहाँ से भी यह यात्रा गुजर रही है यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। कठिन रास्तों और लंबी दूरी के बावजूद कांवड़ियों के कदमों में उत्साह और मन में भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट आस्था बनी हुई है।

16 अगस्त को भोरमदेव में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक

आगामी 16 अगस्त को भोरमदेव में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। आज यात्रा के दौरान पांडातराई, पंडरिया और जिन मार्गों से यह यात्रा गुजरी है वहां क्षेत्रवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत के लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। हमारी धार्मिक संस्कृति का एक जीवंत प्रतीक है कांवड़ यात्रा, जो भक्ति, समर्पण और सामूहिक एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करती है। शिवभक्तों का यह विशाल जनसमूह सनातन संस्कृति, आस्था, परंपरा और भगवान भोलेनाथ के प्रति विश्वास का प्रतिबिंब है जो बताता है कि भारतीय संस्कृति का गौरवशाली इतिहास आज भी उतना ही शास्वत व अनंत है। यह यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक और सामाजिक उत्सव है, जो हमें एक-दूसरे के साथ जोड़ता है और हमें हमारे मूल्यों की याद दिलाता है। भगवान भोलेनाथ सबका कल्याण करें और अपनी कृपा दृष्टि से सबके जीवन मे सुख-शांति और समृद्धि बनाए रखें यही मंगलकामना है।









समस्या: सालों से रपटा या छोटे पुल की मांग, जिम्मेदारों की अनदेखी से ग्रामीणों में नाराजगी

खरिया में अंतिम संस्कार भी चुनौती, बारिश में नाला पार कर श्मशान पहुंचते हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बोड़ला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खरिया में बरसात के दिनों में अंतिम संस्कार करना ग्रामीणों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। गांव से बाहर स्थित श्मशान घाट तक पहुंचने के रास्ते में नदी-नाले पड़ते हैं।

बारिश में जलस्तर बढ़ने और रास्ते में फिसलन होने से आवागमन मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ग्रामीण शव को कंधे पर लेकर पानी और कीचड़ से होकर श्मशान घाट तक पहुंचने को मजबूर हैं। ग्रामीण लंबे समय से जलधाराओं पर रपटा या छोटे पुल और सुरक्षित सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव से बाहर श्मशान घाट तक जाने वाले रास्ते में एक नाला पड़ता है। बरसात के दिनों में नाले में पानी भर जाने से रास्ता बाधित हो जाता है।

कई बार स्थिति ऐसी बन जाती है कि लोगों को जोखिम उठाकर पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि अंतिम समय में भी अपनों को सम्मानजनक विदाई देने के लिए उन्हें कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।

हर साल बरसात में बढ़ जाती है परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या एक-दो साल की नहीं, बल्कि हर वर्ष बारिश के दौरान सामने आती है। सामान्य दिनों में आवागमन किसी तरह हो जाता है, लेकिन बारिश में दोनों जलधाराओं में पानी भरने से श्मशान घाट तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। शवयात्रा के दौरान सबसे अधिक परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में यदि समय लग रहा है तो कम से कम नाले पर रपटा या छोटा पुल बनाया जा सकता है, जिससे बारहमासी आवागमन संभव हो सके।



बारिश के मौसम में बढ़ जाता है जोखिम

बारिश के दौरान नाले में पानी का बहाव बढ़ने से शवयात्रा में शामिल लोगों के लिए खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों को शव कंधे पर लेकर पानी और फिसलन भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते छोटा पुल या रपटा बना दिया जाए तो इस समस्या से स्थायी राहत मिल सकती है।

ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों से कई बार लगा चुके हैं गुहार, समस्या जस की तस

ग्रामीणों के मुताबिक रपटा और पुलिया निर्माण की मांग कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सामने रखी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर भी कराया जा सकता है, लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए श्मशान घाट तक सुरक्षित सड़क निर्माण कराने तथा नदी-नालों पर स्थायी पुलिया या रपटा बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि यह सुविधा केवल आवागमन के लिए नहीं, बल्कि ग्रामीणों की सुरक्षा और सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए भी जरूरी है।

ग्राम मक्के में निकली तिरंगा जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मक्के के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जागरूकता रैली निकाली।

हाथों में तिरंगा लेकर निकले विद्यार्थियों ने पूरे गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों को घर-घर राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा तिरंगे के सम्मान और महत्व के प्रति जागरूक किया। रैली का उद्देश्य ग्रामीणों में राष्ट्रीयता, देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना रहा। विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों और संदेशों के माध्यम से ग्रामीणों को देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। रैली में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बना। इस दौरान संकुल समन्वयक पथर्रा एलवीना विलसन, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक कपूर रामचन्द्र वंशी, शिक्षक कौशल प्रसाद, युगल किशोर साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती संतोषी मानिकपुरी, सहायिका त्रिवेणी साहू, रसोइया श्रीमती कमला साहू, रजन साहू, राजवंती एवं भागरथी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

रैली के दौरान विद्यालय परिवार ने ग्रामीणों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों में सम्मान पूर्वक तिरंगा फहराने की अपील की। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।

जेसीबी से पाइपलाइन कटी, पेयजल समस्या

पेंड्रीकला के तीन वार्डों में एक सप्ताह से पानी की किल्लत



■ करीब हफ्तेभर से पानी की समस्या झेल रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पेंड्रीकला के वार्ड क्रमांक 4, 5 और 6 समेत अन्य वार्डों में पिछले करीब एक सप्ताह से पानी की समस्या बनी हुई है।

गांव में सीसी रोड निर्माण के दौरान ठेकेदार की जेसीबी से नल-जल योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन कटने के बाद से घर-घर पानी की आपूर्ति प्रभावित है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या की जानकारी होने के बावजूद अब तक पाइपलाइन की मरम्मत नहीं कराई गई है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के अंदर सीसी रोड और जल निकासी के लिए नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। इसी दौरान जेसीबी से खुदाई करते समय पेयजल पाइपलाइन कट गई। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद वार्डवासियों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। लोगों को दूर-दराज से पानी लाने की मजबूरी बनी हुई है।

निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार से भी परेशानी

ग्रामीणों का कहना है कि सीसी रोड निर्माण और जल निकासी के लिए नाली बनाने का काम भी निर्धारित समय में पूरा नहीं हो पा रहा है। निर्माण कार्य की धीमी गति के साथ ही गुणवत्ता को लेकर भी ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। सड़क निर्माण अधूरा होने से गांव के लोगों के अलावा चारपहिया वाहन चालक, स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थी, शासकीय कर्मचारी और अन्य लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। खेती-किसानी के काम से आने-जाने वाले किसानों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने की त्वरित कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मामले में तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उनका कहना है कि क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइन की जल्द मरम्मत कराकर घरों में पानी की आपूर्ति बहाल की जाए। साथ ही सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द पूरा कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन और पेयजल की समस्या से राहत मिल सके। समस्या को लेकर राजेंद्र पटेल, गीतागीर गोस्वामी, सीताराम पटेल, सावत पटेल, संतोष पटेल, धनराज यादव, पुन्नी निर्मलकर, भूरे निषाद, गजानन निषाद और संतोष निर्मलकर सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित निराकरण की मांग की है।

ग्राम कन्झेटा स्कूल में हरेली तिहार की रही धूम

नारियल फेंक प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

छत्तीसगढ़ के प्रथम लोकपर्व हरेली तिहार के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्झेटा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, कृषि परंपरा और पारंपरिक खेलों से जोड़ने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में कृषि औजारों की पूजा-अर्चना के साथ नारियल फेंक प्रतियोगिता और गेड़ी दौड़ आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य संजय वैष्णव एवं शिक्षकों परमेश मरावी, अर्जुन, मोहन शर्मा, ताम्रकार और कश्यप ने छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार कृषि उपकरणों की विधि-विधान से पूजा कर किया। इस



दौरान अच्छी फसल और सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। विद्यार्थियों को हरेली पर्व के सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व की जानकारी भी दी गई। हरेली पर्व के खास आकर्षण के रूप में विद्यालय में नारियल फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सटीक एवं दूर तक नारियल फेंकने वाले प्रतिभागियों का तालियों से उत्साहवर्धन किया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने गेड़ी दौड़ में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। अंत में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने चीला, फरा सहित पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के मोहन चंद्रवंशी, परस चंद्रवंशी, कलप सिंह चंद्रवंशी और मुरली चंद्रवंशी ने आयोजन की सफलता के लिए शिक्षकों, ग्रामीणों और विद्यार्थियों का आभार जताया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

ट्रैक्टर के चेम्बर के ऊपर व ट्राली में बच्चों की मस्ती, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के सरोधा दादर में बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां कम उम्र के बच्चे ट्रैक्टर के चेम्बर के ऊपर व ट्राली में बैठकर मस्ती करते दिख रहे है। जबकि यह जोखिम भरा हो सकता है।

तेज आवाज में गाना बजाते हुए,ट्राली व चेम्बर के ऊपर नाचते-गाते वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। मामला सरोधा बांध के नीचे गार्डन के सामने का है,जहां पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चलते दिख रहा है। जिसमें छोटे-छोटे बच्चे नाच कूद रहे है,जिसे लेकर किसी भी चिंता बढ़ना स्वाभाविक है, इन बच्चों को किसी का कोई डर नहीं था। जबकि उस समय गार्डन में बड़ी संख्या में लोग



अपने परिवार,छोटे बच्चे, महिला ओं के साथ घूमने के लिए गए थे। ट्रैक्टर में किसी तरह से पकड़ने के लिए कोई जगह नहीं होती है।

जिसमें बच्चे नाच रहे है, सबसे खतरनाक तो ट्रैक्टर के केबिन के ऊपर नाचते दिख रहे है। जो पूरी तरह से परेशान करने वाली है,कभी भी कोई हादसा हो सकता था,बच्चे उछलकर सामने आ सकते थे,चक्के के नीचे आने से जान भी जा सकती थी। या फिर दूर छिटकने से चोट लग सकती थी। मामले में यातायात पुलिस को संज्ञान लेना चाहिए, जिसका भी ट्रैक्टर है,उसके मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। जिन्होंने इन बच्चों को ट्रैक्टर व ट्राली दिया,उनके साथ कोई बड़ा या जिम्मेदार व्यक्ति क्यों नहीं था। आखिर किसने बच्चों को ट्रैक्टर दी,बच्चे खुद दुर्घटना का शिकार हो सकते थे या फिर सामने वाले किसी व्यक्ति को भी दुर्घटना का शिकार बना सकते थे। जिसे लेकर गंभीरता दिखाते हुए,मालिक की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

ग्राम बैरख में निकाली गई जन जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

वनांचल में स्थित शासकीय हाई स्कूल एवं माध्यमिक विद्यालय, आदिवासी बालक आश्रम बैरख द्वारा आज हर घर तिरंगा.. घर-घर तिरंगा अभियान की रैली निकाली गई। जिससे लोगों में तिरंगा फहराने के प्रति जन जागरूकता आए और लोग अपने घरों में तिरंगा फहराए एवं वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ महोत्सव मनाए।

भारत की आजादी एवं वन्दे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ महोत्सव के तत्वाधान में हर घर तिरंगा, घर- घर तिरंगा अभियान की शुरुआत लोगों को अपने घरों में तिरंगा लाने और इसे अपने घरों में फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। इस अभियान का उद्देश्य नगरिकों को अपने घरों में तिरंगा फहराने और तिरंगे के साथ एक व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंध स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है।

इस वर्ष हर घर तिरंगा अभियान 9 अगस्त 2026 से 17 अगस्त 2026 तक आयोजित किया जाएगा। एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जन जागरूकता रैली में संकुल प्राचार्य सोहन कुमार यादव, संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा, व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, प्रधान पाठक आरती झारिया,केशव प्रसाद भारद्वाज, विजेंद्र कुमार, सुनउ मसराम एवं विद्यार्थी एवं नागरिक गण उपस्थित थे।

प्रत्यक्ष मतदान से समाज का अध्यक्ष व पदाधिकारी चुनने पर बनी सर्वसम्मति

प्रतापपुर में सामाजिक चुनाव को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

पंडरिया विकासखंड के ग्राम प्रतापपुर में सामाजिक चुनाव को लेकर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक संगठन को मजबूत करने, पूरे जिले को एकसूत्र में बांधने और चुनाव प्रक्रिया को सरल एवं सहज बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभी उपस्थित सामाजिक बंधुओं के विचारों को शामिल करने के बाद प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से अध्यक्ष का चुनाव कराने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति बनी। बैठक में तय किया गया कि ग्राम इकाई द्वारा बनाए गए सक्रिय सदस्यों के माध्यम से सीधे मतदान कराया जाएगा और इसी प्रक्रिया से समाज के अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। समाजजनों ने प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित करते हुए चुनाव शीघ्र कराने का निर्णय लिया। बैठक में समाजजनों ने कहा कि यदि ग्राम इकाई, परिक्षेत्र और तहसील स्तर पर अलग-अलग चुनाव कराए जाते हैं तो आपसी मतभेद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इससे सामाजिक संगठन के मूल उद्देश्य आपसी सद्भाव, भाईचारा और एकता पर असर पड़ने की आशंका है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया अपनाने पर सहमति बनाई गई। समाजजनों ने संगठन को मजबूत करने के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में भंडारी, सातीदार और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से आगमदास अनंत, जलेश्वर गौटिया, मोतीराम कोशले, मुन्ना डाहीरे, सुंदर लाल पात्रे, धनशाय भास्कर, राजकुमार अनंत, गीतू जांगड़े, गोपचंद, अनिल कुमार, प्रताप दिवाकर, फलित राम, सत्यनारायण भारती, कुमार अनुरागी, अयोध्या राम, भारत बर्मन, रामाधार चतुर्वेदी, तिलोक लहरे, शोभा बंजारे, डॉ. धनीराम घृतलहरे, आशीष कुमार सिहनांद, राशिद कुमार बघेल, मनोज बंजारे, कन्हैया शेखचंद पात्रे, शिव प्रसाद बंजारे, शिव कोशरिया, शिव कुमार ओगरे, हेमंत पात्रे, राजकुमार बंजारे, अजय पात्रे, मूलचंद, गहरू राम पात्रे, पंचराम वारते, रामचंद बंजारे, बंशी घिड़ौले, मुन्ना राम, धरम सोनवानी, टेक सिंह टंडन, मालिक राम घृतलहरे, प्रकाश मिरी, भोप सिंह, रंजित भास्कर, भगवानी राम, भागवत सतनामी, टॉप सिंह सतनामी, लाला कुर्रे, राजमहंत रिसपाल भास्कर, चंद्रभान टंडन, खोवाराम भास्कर, इंद्रजीत चतुर्वेदी, वीरेंद्र सत्यम, भुवन नवरंग, सीताराम बर्मन, थानू बंजारे, आनंद बघेल, भुनेश्वर कुर्रे, सुरेंद्र पात्रे, साधेलाल अनंत, राहुल दिवाकर, सत्खोजन सोनवानी, पंडित बृजलाल जांगड़े, धर्मजीत सिंह, कला राम और नरेश सोनवानी सहित अन्य समाजजन मौजूद रहे।



जल्द होगी चुनाव की प्रक्रिया

बैठक में प्रत्यक्ष मतदान से अध्यक्ष का चुनाव कराने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। समाज के अनुसार ग्राम इकाई से सक्रिय सदस्यों की सूची तैयार कर मतदान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। चुनाव जल्द कराने की दिशा में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने पर भी सहमति बनी है।

कोदवाकला में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, गूंजा राष्ट्रभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

भाजपा के राष्ट्रीय आह्वान पर हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा मंडल कुंडा के शक्तिकेंद्र कोदवाकला में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा हरेंद्र कश्यप की गरिमामय उपस्थिति में निकली यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगा लेकर सहभागिता की। यात्रा के माध्यम से लोगों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव का संदेश दिया गया। तिरंगा यात्रा शक्तिकेंद्र कोदवाकला से शुरू होकर गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरी।

इस दौरान कार्यकर्ताओं और बच्चों ने देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को हर घर तिरंगा अभियान से



जुड़ने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। इसके सम्मान के साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है।

कार्यक्रम में शक्तिकेंद्र प्रभारी मोहन चंद्रवंशी, भाजपा मंडल कुंडा उपाध्यक्ष एवं संयोजक संतोष ध्रुव, कोदवाकला बूथ अध्यक्ष ललित साहू, गोबर्रा बूथ अध्यक्ष टीकाराम सिंगरौल सहित भाजपा के कार्यकर्ता एवं सदस्य, स्कूली बच्चे, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणजन शामिल हुए। सभी ने तिरंगा यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

खबर संक्षेप

कवर्धा में फिर बदला मौसम का मिजाज

कवर्धा। करीब डेढ़ से दो हप्तों के अंतराल में 15 अगस्त से ठीक एक दिन पूर्व शुक्रवार की सुबह कवर्धा नगर में एक बार फिर झमाझम बारिश देखने को मिली। बीते कई दिनो से बारिश में ब्रेक के चलते उमस व गर्मी के बीच शुक्रवार की सुबह से आसामान में बदली छाई रही और इसी दौरान सुबह करीब 10.00 बजे के आसपास अचानक झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद लोगों को कुछ हद तक गर्मी तथा उमस से राहत मिली है। हालांकि अंचल के अलग-अलग ईलाकों में लगातार बारिश होने की खबरें सामने आई है।

तिरंगा लहराते अधिकारी-कर्मचारियों, युवाओं व स्कूली बच्चों ने लगाई दौड़

■ स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों के बलिदान को किया नमन, दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति, एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार 14 अगस्त को सुबह 7 बजे आउटडोर स्टेडियम कवर्धा से स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दौड़ में अधिकारी-कर्मचारियों और युवाओं ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए उत्साह एवं देशभक्ति के साथ सहभागिता की।

स्वतंत्रता दौड़ में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर रूचि शार्दूल, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में युवा बच्चे शामिल हुए। तिरंगे के साथ दौड़ते प्रतिभागियों ने देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर सपूतों के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान देने का संकल्प लिया गया।

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ देश के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर हमें देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के साथ विकास एवं प्रगति में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से समाज में शांति, सद्भावना और भाईचारे की भावना बनाए रखने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।



इन मार्गों से होकर गुजरी स्वतंत्रता दौड़

स्वतंत्रता दौड़ आउटडोर स्टेडियम से प्रारंभ होकर शासकीय स्वामी करपात्री स्कूल, सरदार पटेल मैदान, भारत माता चौक, वीर जयस्तंभ चौक, गुरुनानक चौक, मुख्य बाजार, ऋषभ देव चौक, एकता चौक, वीर जयस्तंभ चौक, भारत माता चौक एवं शासकीय स्वामी करपात्री स्कूल होते हुए पुनः आउटडोर स्टेडियम पहुंची। यहां स्वतंत्रता दौड़ का समापन हुआ। स्वतंत्रता दौड़ के दौरान पूरे मार्ग पर तिरंगा लहराते हुए खासा उत्साह और देशभक्ति का माहौल देखने को मिला।

विरोध: ग्रामीणों व हिन्दू संगठनों ने जताया आक्रोश, मार्ग में किया चक्काजाम

कवर्धा-राजनांदगांव मार्ग पर अज्ञात वाहन ने गौवंश को रौंदा, 6 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के सड़क पर बैठे गोवंश के लिए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन काल बनकर आया। करीब 4 से 5 बजे के बीच वाहन ने 7 गौवंश को कुचल दिया। हादसे में 5 गाय और एक बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गौवंश गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कवर्धा-राजनांदगांव मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों ने अज्ञात वाहन चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई और सड़क पर गौवंश की सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। गौवंश की मौत से नाराज ग्रामीण सड़क पर बैठ गए, जिससे कवर्धा-राजनांदगांव मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। चक्काजाम में करीब 5 से 7 निजी स्कूल बसें भी फंस गईं। इससे स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों ने कहा कि सड़क पर लगातार गौवंश के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसके बावजूद गौवंश की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से सड़क किनारे गौवंश को हटाने तथा उनकी सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की मांग भी उठाई। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश दी और उनकी मांगों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया। जाम खुलने के बाद मार्ग पर यातायात सामान्य हुआ। इधर, कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे में शामिल अज्ञात वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।



छह: गौवंश की मौके पर मौत

हादसा इतना भीषण था कि 5 गाय और एक बछड़े ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक अन्य गोवंश गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने सड़क पर गौवंश की सुरक्षा को लेकर प्रशासन से ठोस और स्थायी व्यवस्था की मांग की।

दूसरे वाहनो सहित स्कूल बसें भी फंसी रही जाम में

कवर्धा-राजनांदगांव मार्ग पर ग्रामीणों के चक्काजाम के कारण करीब 5 से 7 निजी स्कूल बसें भी जाम में फंस गईं। सुबह का समय होने के कारण स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को परेशानी हुई। अधिकारियों की समझाइश के बाद जाम समाप्त हुआ और यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी।

अमरकंटक से कांवड़ लेकर गांव पहुंचे बोल बम समिति के सदस्य

कुआंमालगी में ग्रामीणों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुआंमालगी की जय मां महामाई बोल बम समिति के सदस्यों ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अमरकंटक से कांवड़ लेकर पदयात्रा की।

भगवान भोलेनाथ की आराधना और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर निकली कांवड़ यात्रा का विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक के साथ समापन हुआ। 13 अगस्त को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने समिति के सदस्यों का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। समिति के सदस्यों ने अमरकंटक से कांवड़ यात्रा शुरू की। यात्रा के दौरान पहला रात्रि विश्राम गोपालपुर और दूसरा रात्रि विश्राम कुकदूर हाईस्कूल में किया गया।

कुकदूर में रात्रि विश्राम के दौरान ग्राम पंचायत सरपंच नीलेश पुषाम एवं स्कूल के प्राचार्य दुर्गा चरण पाण्डेय का विशेष सहयोग रहा। इसके बाद सोमवार को कांवड़ यात्रा डोंगरिया पहुंची, जहां जलेश्वर महादेव मंदिर में कांवड़ के जल से पहला जलाभिषेक किया गया। मंगलवार को समिति के सदस्यों ने भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक किया।

इसके बाद यात्रा आगे बढ़ी और अमलीडीह में रात्रि विश्राम किया गया। अगले चरण में पंचमुखी बूढ़ादेव मंदिर में जलाभिषेक किया गया। इसके पश्चात 13 अगस्त को समिति के सदस्य ग्राम कुआंमालगी पहुंचे और गांव के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक किया।

भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना

गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने कांवड़ यात्रियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष नरेश साहू एवं सचिव खेलूराम साहू ने बताया कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और सफल रही। उन्होंने बताया कि यह यात्रा क्षेत्र और गांव की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के लिए प्रतिवर्ष निकाली जाती है। यात्रा में समिति के सदस्यों और ग्रामीणों का सहयोग रहा।

हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ी महिला समूह की कई दीदियां

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला पंचायत कबीरधाम सहित जनपद पंचायत कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया एवं स.लोहारा जनपद पंचायत मुख्यालय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की दीदियों द्वारा देश की आन बान और शान तिरंगा को बनाकर बहुत ही कम दर पर विक्रय के लिए आम जनता हेतु रखा गया है।



इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भक्ति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समूह की महिलाओं द्वारा हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का निर्माण किया गया है। बहुत ही गुणवत्ता के साथ निर्मित तिरंगा आम जनता के लिए कम दर पर सभी साइजो में उपलब्ध है।

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी को अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिससे कि सभी में देशभक्ति का संचार हो सके। इस अभियान से जुड़ने के लिए और इसे सफल बनाने के लिए तिरंगा यात्रा सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन भी हो रहा है।

इसी क्रम में समूह की दीदियों का इस अभियान से जुड़कर तिरंगा निर्माण करना हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आम जनता से अपील की जाती है कि वह समूह द्वारा निर्मित गुणवत्ता युक्त तिरंगे का क्रय कर महिलाओं का उत्साह वर्धन करें।

मिडिल टेट उत्तीर्ण शिक्षकों की अनदेखी पर जताई नाराजगी

■ संघ ने सुप्रीम कोर्ट आदेश का हवाला देकर मांग दोहराई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

टेट उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ, कबीरधाम के कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश रावत ने मिडिल टेट उत्तीर्ण शिक्षकों की अनदेखी पर कड़ी आपत्ति जताई है।

श्री रावत ने कहा कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 10 अगस्त को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में मिडिल स्तर की पदोन्नति को लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए, जबकि सुप्रीम कोर्ट के 01 सितंबर 2025 के आदेश एवं राजपत्र 2026 के नवीन प्रावधानों के अनुसार मिडिल टेट उत्तीर्ण शिक्षक मिडिल प्रधान पाठक एवं व्याख्याता दोनों पदों पर पदोन्नति के लिए पात्र माने गए हैं।

डीपीआई से तत्काल स्पष्ट आदेश जारी कर मिडिल स्तर को भी 30 अगस्त तक की पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल किया जाए। श्री रावत ने बताया कि शीघ्र ही टेट अर्हताधारी मिडिल शिक्षक डीपीआई पहुंचकर पदोन्नति संबंधी स्पष्ट नियम आदेश के संबंध में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मांगों को प्रमुखता से रखेंगे। इसके लिए प्रदेश भर के मिडिल टेट शिक्षकों से डीपीआई पहुंचने की अपील की गई है। श्री रावत ने कहा कि पदोन्नति चाहने वाले प्रत्येक सेवारत शिक्षक के लिए टेट उत्तीर्णता अनिवार्य अर्हता है, लेकिन विभाग द्वारा इसे नजरअंदाज किया जा रहा है।

डीपीआई द्वारा पदोन्नति की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित की गई है, इसलिए इस अवधि में सभी नियमों का कड़ाई से पालन हो। संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने मांग की कि 6 अगस्त 2026 के स्थानांतरण आदेश से रिक्त हुए सभी पदों को पदोन्नति की गणना में शामिल किया जाए। पदोन्नति ऊपर से नीचे के क्रम में हो अर्थात पहले सहायक शिक्षक से शिक्षक, फिर शिक्षक से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, ताकि अधिकतम सहायक शिक्षक लाभान्वित हो सकें। साथ ही सभी स्कूलों में शालावार रिक्त पदों की जानकारी सार्वजनिक की जाए।

अंत में श्री रावत ने कहा कि यदि जिलों में अलग-अलग तिथियों पर पदोन्नति होती है तो पेपर वरिष्ठता सूची जारी की जाए, जिससे किसी शिक्षक की आगामी पद पर वरिष्ठता प्रभावित न हो। संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं। मांगें न माने जाने पर संघ प्रदेश स्तरीय आंदोलन करेगा।

अब देखने वाली बात होगी की शासन-प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग संघ तथा शिक्षकों की मांगों को कितनी गंभीरता से लेता है।

वनांचल में गूंजा देशप्रेम, पालक ग्राम के स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पालक, संकुल पालक, विकासखंड बोड़ला में हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा थीम पर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

रैली के माध्यम से वनांचल क्षेत्र में बच्चों और ग्रामीणों के बीच देशप्रेम की भावना विकसित करने तथा राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया। संस्था प्रमुख सुरतिया राम साहू के मार्गदर्शन एवं एमेल्डा मिंज के देखरेख में आयोजित रैली में विद्यालय के शिक्षक और बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। रैली के दौरान देशभक्ति से जुड़े नारों के साथ लोगों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती तीजन बाई, पंच भागमती सहित विद्यालय के शिक्षक सुरेश धुर्वे, कृष्ण कुमार बघेल, परमेश्वर सोयाम, शरद नागवंशी और रोहित धुर्वे ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

शिक्षकों ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और देश के प्रति अपने कर्तव्यों की जानकारी देते हुए राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

पीजी कॉलेज मैदान में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन करेंगे ध्वजारोहण

आज अंचल में आन-बान और शान से लहराएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन कवर्धा के स्थानीय आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान पर किया जाएगा।

जिले के प्रभारी व उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मुख्य समारोह में ध्वाजारोहण करेंगे। मंत्री देवांगन परेड की सलामी लेंगें और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम, परेड की सालामी तथा निरीक्षण का गुरूवार को अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस आयोजन की आवश्यक तैयारी पूरी की जा रही है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल अपर कलेक्टर नरेंन्द्र पैकरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, अमित पटेल, एसडीएम चेतन साहू, एसडीओपी आशीष शुक्ला सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी स्वतत्रंता दिवस 15 अगस्त दिन शनिवार को गरिमामय से आयोजित होगा। जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे आरंभ होगा। जिला स्तर पर मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। पुलिस और नगर सैनिकों की टुकड़ियों द्वारा सलामी दी जाएगी।

मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जारी जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। परेड की सलामी 10 टुकड़ियों द्वारा दी जाएगी, जिसमें 17 वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल पुरूष-महिला, नगर सेना, फारेस्ट गार्ड, एनसीसी बालक, बालिका पीजी कॉलेज, एनसीसी बालक, बालिका स्वामी आत्मानंद स्कूल और जिला गाईड टीम के स्काउड गाईड के दल होगें।

परेड में 10 प्लाटून होंगे शामिल, स्कूली बच्चे देंगे प्रस्तुति



स्वतंत्रता दिवस परेड में इस वर्ष कुल 10 टोलियां शामिल होगी। जिसमें सशस्त्र प्लाटून से 17वीं वाहिनी छग बल से प्लाटून कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक खिलेंद्र देवांगन, जिला पुलिस बल से प्लाटून कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक अभिमन्यु साहू, जिला पुलिस बल महिला से प्लाटून कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुश्री सत्या नेताम, नगर सेना से प्लाटून कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक विनय सोनकर, वन विभाग के कमांडर भोलाराम साहू, एनसीसी बालक डिवीजन विंग पीजी कॉलेज के कमांडर पंकज धुर्वे, एनसीसी बालिका डिवीजन विंग पीजी कॉलेज भूमिका घठोले, एनसीसी बालक डिवीजन पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम के सारजेंट लीलाधर सिंह राजपूत, एनसीसी बालिका डिवीजन पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम के सारजेंट दिव्या पटेल और जिला गाईड टीम से दल नायिका ज्योति राजपूत परेड का प्रतिनिधित्व करेगें। परेड के साथ पुलिस बैंड के आरक्षक साजिद खान, मोहित कुमार यादव, आशु तिवारी, गोपाल ठाकुर, शिवम मांडवी और रामलोचन पटेल परेड के साथ अपने स्वर देंगे। इसके अलावा मुख्य आयोजन में जिले के स्कूली बच्चे सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

धनेली में मानस मंडली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

ग्राम धनेली में पवित्र श्रावण मास के अवसर पर भगवान शिव की आराधना के साथ श्रावणमासी श्रीरामचरित मानस गायन का आयोजन किया जा रहा है। मां महामाया प्रांगण में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक संगीतमय श्रीराम कथा, मानस गायन और भजन का आयोजन हो रहा है।

कार्यक्रम में आसपास के गांवों की मानस मंडलियां शामिल होकर गायन-वादन के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान करा रही हैं। इसी क्रम में श्री राधा-कृष्ण मंदिर डोंगरिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनराज साहू के सुपुत्र बलराम साहू ने श्रीराम कथा की व्याख्या कर श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा और भजन का आनंद ले रहे हैं। आयोजकों के अनुसार श्री राम कथा प्रेमियों की ओर से आयोजित यह विशेष कार्यक्रम लगातार एक सप्ताह तक संचालित किया जा रहा है। तहसील साहू संघ कुंडा के अध्यक्ष श्रवण साहू के सुपुत्र डॉ. लेखराम साहू को पुत्र प्राप्ति के उपलक्ष्य में साहू परिवार की ओर से भी कार्यक्रम में सहयोग किया जा रहा है।



ग्राम धनेली के त्रिवेणी मानस परिवार के सदस्यों बल्लू साहू, गौतम साहू, श्रवण साहू, भागवत ध्रुवे, भोला साहू, परसोत्तम साहू, कुमार साहू, श्रीराम साहू, बलदाऊ साहू, लखन साहू, उमेश साहू और सुशील साहू सहित मां महामाया बोलबम समिति, बजरंग दल, श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। आयोजकों ने आसपास के क्षेत्र के कथा एवं भजन-संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर श्रीराम कथा का श्रवण करने की अपील की है।

आयोजन: विभाजन की पीड़ा को स्मरण कर शहीदों एवं दिवंगतजनों को दी गई श्रद्धांजलि

भारत विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस पर नपा में लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस के अवसर पर आज नगर पालिका परिषद कवर्धा परिसर में विभाजन की घटनाओं एवं उससे जुड़ी मानवीय त्रासदी को प्रदर्शित करती छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी का अवलोकन नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने किया। इस अवसर पर भारत विभाजन की विभीषिका में अपने प्राण गंवाने वाले सभी दिवंगतजनों की पावन स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि भारत विभाजन देश के इतिहास की सबसे पीड़ादायक घटनाओं में से एक है। लाखों लोगों ने अपने परिवार, घर-बार और आजीविका खो दी तथा असंख्य निर्दोष लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी। भारत विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस हमें उन सभी पीड़ितों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को याद करने का अवसर प्रदान करता है। यह दिवस हमें सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को इतिहास की इन घटनाओं से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि वे विभाजन की पीड़ा को समझते हुए राष्ट्र की अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों और आपसी सौहार्द की रक्षा के प्रति सदैव सजग रहें।



प्रदर्शनी में दर्शाया गया लाखों परिवारों की वेदना को, प्रदर्शनी देखने जुटी भीड़

कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी में प्रदर्शित छायाचित्रों एवं ऐतिहासिक तथ्यों के माध्यम से भारत विभाजन के समय उत्पन्न परिस्थितियों, विस्थापन, संघर्ष तथा लाखों परिवारों की वेदना को दर्शाया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभाजन की त्रासदी से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर योगेश चंद्रवंशी, हरीश साहू, गोलू यादव, सचिन अग्रवाल, सुचित बोथरा, सीएमओं नारायण साहू सहित अधिक संख्या में अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

नेऊर की 35 छात्राओं को मिली निः शुल्क साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदुर

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम नेऊर स्थित शासकीय हाई स्कूल में शासन की निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।

विद्यालय में दर्ज 45 छात्राओं में उपस्थित 35 छात्राओं को अतिथियों द्वारा साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में भाजपा कुकदुर मंडल प्रभारी चंद्रकुमार सोनी, मंडल अध्यक्ष बसंत भाटिया, पिव मंडल अध्यक्ष बहादुर सोनी, सरपंच पार्वती सुनहले, शाला विकास समिति अध्यक्ष नारायण माठले, अजजा जिला उपाध्यक्ष रतिराम भट्ट, विधायक प्रतिनिधि रामगोपाल ओट्टी, दुजराम यादव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा विद्यालय तक उनकी सुगम पहुंच सुनिश्चित करना है। योजना से ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को विशेष रूप से लाभ मिल रहा है।





स्वागत व सम्मान...



कवर्धा। मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से कांवड़ लेकर शुक्रवार की देरशाम नगर पंचायत पाण्डातराई पहुंची पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा का लोरमी के सराफा व्यापारी अनिल सूलजा, युवा भाजपा नेता मदन तिवारी सहित अन्य लोगों ने साल, श्रीफल भेंट कर स्वागत किया और उनका हालचाल पूछा।





आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सेवा सहकारी समिति मर्यादित रणजीतपुर पं. क्र.1369
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियो को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री शिव सिंह परमार
प्राधिकृत अधिकारी
श्री धनेश कुमार गुप्ता
सहा. समिति प्रबंधक
श्री गोपाल यादव
भृत्य
श्री कोमल वर्मा (धान प्रभारी)
श्री दिलेश्वर वर्मा (कम्प्यू.ऑपरेटर)
श्री केटार परते (कम्प्यू.ऑपरेटर)
श्री रायवेन्द्र तिवारी (लेखापाल)
श्री तारण पाल (विक्रेता)
श्री बल्लम साहू (विक्रेता)

शास.उच्च.माध्य.विद्या.रणवीरपुर
शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियो को
श्री चेतन शुक्ला
अध्यक्ष
श्री डी.एस.उइके
सचिव (प्राचार्य)
स्वतंत्रता दिवस
की
शुभकामनाएं...
श्रीमती बिसा नेताम (सरपंच), श्री बसंत बोहरा (विधायक प्रतिनिधि)
श्री मुकेश जैन (सांसद प्रतिनिधि), श्री राजू पाठक (अल्प संख्य सदस्य),
श्री भोजलाल साहू (शिक्षा समिति प्रतिनिधि), श्री राजू पटेल (पालक सदस्य),
श्री परमानंद शर्मा (सदस्य), श्री निहोरा सिन्हा (पालक सदस्य),
श्री सरवन नेताम (सदस्य), श्री देवनाथ यादव (सदस्य),
श्रीमती कौशिल्या साहू (सदस्य), श्रीमती मीना पटेल (सदस्य),
श्रीमती लता साहू (सदस्य),श्री एस.सी.एस.बघेल (सदस्य), श्री पी.सी.ताम्रकार(सदस्य),

ग्राम पंचायत कोटरा बुदेली की ओर से
समस्त जिलेवासियों को
15th August
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मोहन राम नेताम
सरपंच
बसंती यादव
उप सरपंच
डाकेश्वर सिंह सेन
सचिव
श्रीमती पियरिया साहू
श्रीमती श्यामा साहू
श्रीमती पेमिन नेताम
श्रीमती मीरा धुर्वे
श्री नेपाल सिंह ठाकुर
श्री धनीराम
श्री अलेन कुमार धुर्वे
श्री त्रिभुवन मरकाम
श्री नरेश कुमार साहू
श्री हेना जयसवाल

ग्राम पंचायत रणजीतपुर
वि.खं.- स.लोहारा जिला-कबीरधाम(छ.ग.) की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
छविराम साहू
सरपंच
सरवन नेताम
प्रतिनिधि सरपंच
लीलाधर रजक
उप सरपंच

शुभाष किराना स्टोर रणजीतपुर
थोक एवं चिल्लर के विक्रेता की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुभाष गुप्ता रणजीतपुर

समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
श्रीमती जीवन उत्तरा नेताम
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक-14
ग्राम पंचायत डोंगरिया, जमुनिया, पठपर, मजगांव

ठाकुर बावन सिंह गहरवाल समाज सेवी
ग्राम गौरमाटी, तह.स.लोहारा कबीरधाम की ओर से
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
आपका अपना
ठाकुर बावन सिंह गहरवाल

एल.आई.सी बीमाकर्ता भारतीय
जीवन बीमा निगम की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
ठाकुर शिवसिंह परमार
भारतीय जीवन बीमा निगम
करोड़पति अभिकर्ता
मो. 9981205318

ग्राम पंचायत सुरजपुरा की ओर से
वेद प्रकाश धुरतहरे (सरपंच)
पन्नकुमार साहू (उप सरपंच)
तुलसाराम साहू (पंच)
मीना साहू (पंच)
सरिता साहू (पंच)
राधा बाई चतुर्वेदी (पंच)
कोइल लाल (पंच)
भारती नागड़े (पंच)
नेवी यादव (पंच),
दिलीप साहू (पंच),
दुर्गेश साहू (पंच),
वहीदा बानो (पंच),
फीता पटेल (पंच),
प्रभाला पटेल (सचिव)
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

चोवा सोनी रणवीरपुर व्यापारी संघ एवं नवयुवक संघ
अध्यक्ष की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
आपका अपना
चोवा सोनी

शासकीय उच्च.माध्यमिक विद्यालय वीरेन्द्र नगर
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
देवेन्द्र नेताम
प्राचार्य

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता: चोवा सोनी हरिभूमि संवाददाता एवं विज्ञापन समाचार, ईश्तहार के लिए सम्पर्क करें रणवीरपुर 8463025054

महिला एवं बाल विकास विभाग

की ओर से क्षेत्रवासियों को

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...

-: विनीत :-

महिला एवं बाल विकास विभाग कवर्धा, जिला - कबीरधाम

पुलिस अधीक्षक कार्यालय

की ओर से जिलेवासियों को

स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनायें

मा. विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री, गृहमंत्री छ.ग. शासन

:: विनीत::
पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला कबीरधाम (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की ओर से जिलेवासियो को

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें

रमेश चन्द्रवंशी जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कबीरधाम (छ.ग.)

जिला कांग्रेस कमेंटी कबीरधाम की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं

नवीन जायसवाल
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम (छ.ग.)

जनपद पंचायत स.लोहारा

की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

विनीत: मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज.पं.स.लोहारा

जय हिन्द! जय भारत!
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वंदे मातरम्! भारत माता की जय!
आइए, हम सब मिलकर अपने देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए संकल्प लें और भारत को विश्व गुरु बनाने के सपने को साकार करें!
ग्राम पंचायत
मिनमिनिया मैदान
जनपद पंचायत बोड़ला
की ओर से समस्त ग्रामवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
एकता हमारी ताकत | समभाव हमारी पहचान | स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी | शिक्षा हमारा अधिकार | विकास हमारा लक्ष्य
हमारा गाँव, हमारी पहचान - स्वच्छ, सुंदर, शिक्षित और आत्मनिर्भर मिनमिनिया मैदान हमारा अभियान

जय हिन्द! जय भारत!
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आइए, हम सब मिलकर अपने देश की एकता, अखंडता, समानता और प्रगति के लिए संकल्प लें।
आओ, राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें
और भारत को विश्व गुरु बनाने के सपने को साकार करें।
वंदे मातरम् । भारत माता की जय
ग्राम पंचायत
चोरभट्टी
जनपद पंचायत बोड़ला
समस्त ग्राम वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
एकता हमारी ताकत | सदभाव हमारी पहचान | स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी | शिक्षा हमारा अधिकार | विकास हमारा लक्ष्य
हमारा गाँव, हमारी पहचान - स्वच्छ, सुंदर, सशक्त चोरभट्टी हमारा अभियान

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

डॉ. संतोष कुमार साहू

अध्यक्ष क्लब सदस्य (वेल्थ मैनेजर) मुख्य जीवन बीमा सलाहकार M.D.R.T(U.S.A.)
भारतीय जीवन बीमा निगम
कार्यालय- चंचल प्रीमियम कलेक्शन सेंटर, घोठिया रोड, नवीन बाजार, कवर्धा

- इस सदी का श्रेष्ठतम कार्यध्आपका अपना व्यवसाय
- सरकारी संस्था द्वारा गश्वरंटीड आय
- भारत में कहीं भी कार्य करने की स्वतंत्रता
- असीमित आय के अवसर बिना किसी लागत के
- मृत्योपरान्त उत्तराधिकारी को कमीशन
- पार्ट टाईम, फुल टाईम कार्य करने की स्वतंत्रता

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

संदीप साहू
करोड़पति अभिकर्ता MDRT (USA)
बीमा कराने एवं बीमा एजेंट (अभिकर्ता) बनने हेतु संपर्क करें।

Email: santoshsahulic3@gmail.com
9179987423,9424130647 ऑफिस : 9179904567

जीवन अनिश्चित है लेकिन जीवन बीमा के साथ आपके परिवार का भविष्य सुनिश्चित है

जय हिन्द! जय भारत!
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
आज का दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और साहस की याद दिलाता है।
आइए, हम सब मिलकर देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लें।
वंदे मातरम्
ग्राम पंचायत
ढोलबज्जा
जनपद पंचायत बोड़ला
भारत माता की जय
की ओर से समस्त ग्राम वाशियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
एकता ★ सद्भाव ★ समृद्धि ★ स्वच्छता ★ शिक्षा
मजबूत पंचायत - समृद्ध गांव - विकसित भारत
हमारा गांव, हमारी पहचान - स्वच्छ, सुंदर, शिक्षित और आत्मनिर्भर ढोलबज्जा हमारा अभियान

जय हिन्द! जय भारत!
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वतंत्रता सेनानियों को नमन
आइए, हम सब मिलकर अपने देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए संकल्प लें और भारत को विश्व गुरु बनाने के सपने को साकार करें!
वंदे मातरम्
ग्राम पंचायत
बैरख
जनपद पंचायत बोड़ला
भारत माता की जय
समस्त ग्राम वासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
एकता | समभाव | स्वच्छता | शिक्षा | विकास
आओ मिलकर देश बनाएं महान
हमारा गांव, हमारी पहचान - स्वच्छ, सुंदर, शिक्षित और आत्मनिर्भर बैरख हमारा अभियान

स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल कोदवागोड़ान
विकास खण्ड पंडरिया,
जिला कबीरधाम की ओर से 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें



शिक्षा है सबसे अनमोल
इसका नहीं कोई मोल..
शिक्षा जीवन का आधार है
इसके बिना सब बेकार है..
कदम से कदम मिलाएं
शिक्षा का उजियारा फैलाएं...

प्राचार्य
श्री प्रेमसिंह टेकाम

विनीत: प्रेमसिंह टेकाम प्राचार्य एवं
समस्त स्टॉफगण व शाला परिवार कोदवागोड़ान

ग्राम पंचायत कोदवागोड़ान
जनपद पंचायत पंडरिया
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...


सरपंच
श्रीमती नंदिनी डहरिया


सरपंच प्रतिनिधि
उत्तम डहरिया


उप सरपंच
नारायण साकत


सचिव
गोकरण पोर्ते

पंचगण:
श्रीमती नागेश्वरी साकत, सरजू साकत, मुकेश राठौर, श्रीमती कंचन मरावी,
विजय टेकाम, श्रीमती सुमित्रा पटेल, श्रीमती शशी पाण्डेय, युवराज पटेल,
श्रीमती दीपा साकत, सुनील साकत, श्रीमती चमेली पटेल,
श्रीमती चनिका पटेल, श्रीमती ज्योति पटेल, श्रीमती सुरजौतिन बाई,
श्रीमती इतवारा श्याम, श्रीमती सुलोचनी श्याम, राजू सिंह धुर्वे,
रमेश टेकाम (रोजगार सहायक) एवं ग्रामवासी कोदवागोड़ान

ग्राम पंचायत कोदवागोड़ान जनपद पंचायत पण्डरिया

"गौसेवा ही राष्ट्र सेवा"
"आइए;गौमाता की रक्षा और सेवा में सहभागी बनें"
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनायें







विश्वेश्वर सिंह पटेल
अध्यक्ष छ.ग.गौ सेवा आयोग

ग्राम पंचायत मंझोली रवन की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को


सरपंच
श्रीमती जयमति धुर्वे


उप सरपंच
श्रीमती सुशीला श्याम


सचिव
समय कुमारी धुर्वे

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं

समस्त पंच
श्रीमती दशमत बाई बैगा, श्रीमती रंजीता यादव, श्रीमती दयामती बैगा,
श्री फगनूसिंह उइके, श्रीमती जमुना धुर्वे, श्री उदेराम श्याम,
श्री उपासीसिंह परस्ते, श्री पूनीतराम परस्ते, श्रीमती राजमती श्याम,
श्रीमती पूर्णिमा धुर्वे, श्री जगन्नाथ श्याम श्रीमती पंचवती धुर्वे,
श्रीमती चन्द्रकली करचम, श्रीमती सुशिला श्याम

प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी समिति कामठी की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें


भुवन सिंह पोर्ते
अध्यक्ष

जंगल की संपदा,
वनवासियों की समृद्धि का आधार...

यदुनंदन पाण्डेय
प्रभारी प्रबंधक


वुध सिंह
जिला प्रतिनिधि

ग्राम पंचायत झिगराडोंगरी की ओर से


सरपंच
श्रीमती प्रतिमा खाडे


सरपंच प्रतिनिधि
श्री जलेश्वर खाडे


सचिव
श्री प्रदीप धुर्वे

समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...

पंचगण
श्रीमती गीता बाई खुसरा, उपसरपंच मुकेन बंजारा, श्रीमती संगीता कोशले, श्री दिनेश कुमार साहू,
श्रीमती शिवकली मार्को, श्रीमती सम्मतबाई पाटले, श्रीमती पूनमराखी खाण्डे, श्रीमती सीमाबाई साहू,
श्री राजेन्द्र मरावी, श्रीमती कैलासाबाई टेकाम, अशोक कुमार चतुर्वेदी रोजगार सहायक एवं समस्त ग्रामवासी

ग्राम पंचायत झिंगराडोंगरी जनपद पंचायत पंडरिया

ग्राम पंचायत खैरडोंगरी ज.पं. पण्डरिया की ओर से


सरपंच
जनार्दन सिंह चौहान


सचिव
गणेश दिवाकर


रोजगार सहा.
अजय शुक्ला


उप सरपंच
श्री सीना मरकाम

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...



पंचगण
बबली ठाकुर, बेलसिया यादव, पंचराम चेचाम, श्रीमती निर्मला यादव,
श्री मुकेश कुमार साहू, श्री मुकेश कुमार साहू, श्रीमती कांति मरकाम,
रानू पोर्ते, श्रीमती उर्मिला मरावी, श्री नैनसिंह पोर्ते, श्री भानसिंह परस्ते

ग्राम पंचायत विचारपुर की ओर से


सरपंच
श्रीमती सीता विष्णु श्रीवास


उपसरपंच
श्रीमती विमला धुर्वे


सचिव
भुवनेश्वर साहू

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें

पंचगण
श्रीमती बिमला बाई, श्रीमती सतरिका धुर्वे, श्री बुधवार सिंह, श्रीमती राजबाई मरावी,
श्रीमती दीपा धुर्वे, श्री प्रेमसिंह मरावी, श्रीमती कुन्ति मसराम, श्री बिहारी सतनामी,
श्रीमती ईश्वरी देवी कुर्रे, श्रीमती कला बाई यादव, श्रीमती संतोषी धुर्वे, श्री मुखीराम धुर्वे

शास.आदिवासी कन्या छात्रावास कोदवागोड़ान
की ओर से
बेटी पढ़ेगी, देश बढ़ेगा"
आइए हर बेटी को स्कूल भेजने का संकल्प लें"..



15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं

श्रीमती सावित्री धुर्वे
अधीक्षिका

किसान की संतुष्टि ही हमारा कर्तव्य है
आदिवासी सेवा सहकारी समिति चतरी
पं.क्र. 298 वि.खं. पंडरिया की ओर से


कन्हैया लाल डड़सेना
समिति प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...

ए.के.वैष्णव
प्राधिकृत अधिकारी


कुलदीप चन्द्राकर
कप्यूटर आपरेटर

ग्राम पंचायत छीरपानी जनपद पंचायत पण्डरिया
की ओर से


श्रीमती मीना बोर्वे
सरपंच

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें


महेश राम साहू
सचिव

संकलनकर्ता : रविनंदन पाण्डेय, कोदवागोड़ान हरिभूमि अखबार, समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें। मो. 9993981434

जिला पंचायत कबीरधाम
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें




मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कवर्धा

जनपद पंचायत बोड़ला
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...




विनीत : मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज.पं.बोड़ला

भोरमदेव अभ्यारण कवर्धा
की ओर से क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



पेड़ लगाओं देश बचाओं
जीवन बचाओं पेड़ लगाओं
जीवन खुशहाल बनाओं
जंगल में आग लगाना
दण्डनीय अपराध है।

विनीत: भोरमदेव अभ्यारण कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी खैलटुकरी की ओर से
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



विनीत: ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी खैलटुकरी, वि.खं.-पण्डरिया

जय श्री राम हाटल एवं यादव हलवाई की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं



दिनेश चंद्रवंशी
कुंडा मंडल उपाध्यक्ष भाजपा
रामानंद यादव
भाजपा कार्यकर्ता भगतपुर
मुकेश यादव
भाजपा कार्यकर्ता भगतपुर

विनीत : रामानंद यादव जय श्री राम हॉटल, रामा हलवाई एवं केटर्स भगतपुर
विकासखण्ड - पण्डरिया

भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुंडा की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं




श्री संतोष चन्द्रवंशी
भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य कवर्धा
देवेंद्र चंद्रवंशी
अध्यक्ष
भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुंडा, कवर्धा



ASHOKA PUBLIC SCHOOL




A1: रायपुर रोड, कवर्धा 9981561774
A2: मजगांव रोड , कवर्धा 9893164967



अशोका पब्लिक स्कूल की ओर से समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...

विनीत : अशोका पब्लिक स्कूल रायपुर रोड कवर्धा

SHRI RAMKRISHNA PUBLIC SCHOOL
Bilaspur Road, Singhanpuri Kawardha, Dist.-Kabirdham (C.G.)
Website : www.rpskwd.in E-mail : rpskwd@gmail.com
Contact Us- 7489483055

श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल
की ओर से



स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों को बधाई व
हार्दिक शुभकामनायें

विनीत : रामकृष्ण पब्लिक स्कूल सिंघनपुरी कवर्धा